वर्ष : 26 | अंक : 101 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 03 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

## भारतीयों के लिए हेल्पलाइन जारी

इंडिया ताइपे एसोसिएशन ने भूकंप को देखते हुए ताइवान में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित की है। मोबाइल नंबर 0905247906 और ईमेल ad.ita@mea.gov.in जारी किया गया है।



# ताइवान में भयंकर जलजला





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ताइवान में बुधवार सुबह जोरदार भूंकप आया है। इस जलजले से ताइवान में भारी तबाही हुई है औ कई इमारतें मलबे में तब्दील हो गई हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 7.7 आंकी गई है। भूकंप के झटकों से शहर के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गई।

दक्षिणी जापान और फिलीपींस के द्वीपों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। ताइवान के पूर्वी हिस्से में आए भूकंप के बाद न्यू ताइपे शहर में कई इमारतें ध्वस्त हुई हैं। ढही इमारतों में जिंदा बचे लोगों की आपातकालीन कर्मचारी तलाश कर रहे हैं। न्यू ताइपे शहर के झिंडियन जिले में इमारतों को नुकसान पहुंचा। बचावकर्मी फंसे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं। ताइवान में आए भूकंप में अब कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि हुआलीन काउंटी में चार लोगों की मौत हो गई। ध्वस्त हुई इमारतों में दबे लोगों को बचाव कर्मी ढूंढ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक इस भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। ताइवान में भूकंप के बाद हालात बेहद खराब हो गए हैं। बिजली सप्लाई बाधित हो गई है। देशभर में ट्रेन सेवाएं सस्पेंड कर दी गई हैं। भूकंप की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसके बाद जापान के दो द्वीपों पर सुनामी तक आ गई।

ताइवान के हुआलियन से भूकंप की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जिनमें इमारतों को ढहते देखा जा सकता है। कई घर और इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढेर हो गई हैं। इस भूकंप की एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें पांच मंजिला एक इमारत तिरछी हो गई है।

ताइवान में भूकंप की वजह से कई शहरों में बिजली की सप्लाई बाधित हो गई है। भूकंप के चलते फिलीपींस में भी सुनामी का अलर्ट जारी कर दिया गया है। ताइवान में स्कूलों और सरकारी कार्यालयों को कामकाज बंद करने का विकल्प दिया गया है। भूकंप के कारण कई ऐतिहासिक धरोहरों को भी नुकसान पहुंचा है।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ने किया नामांकन





**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण लोकसभा सीट गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व वर्तमान सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कलेक्टर परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कक्ष में डा. महेश शर्मा के साथ उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष जर्नादन भाटी मौजूद रहे। आज सुबह गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा ने सेक्टर-19 स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में पहुंचकर वहां पूजा अर्चना की। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी डॉ. उमा शर्मा, एकेसी उद्योग समूह के निदेशक डा. आनंद चौहान, भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, बिमला बाथम, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, संजय बाली, मनीष शर्मा, रामविलास यादव, विनोद शर्मा, पुनीत शुक्ला, ओमवीर अवाना, डिम्पल आनंद सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता मौजूद रहे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सांसद संजय सिंह दिल्ली NCR छोड़कर नहीं जाएंगे


## शर्तों के साथ सांसद संजय सिंह जेल से रिहा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की तिहाड़ जेल से दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर रिहाई हो गई है। सुप्रीम कोर्ट से बेल ऑर्डर ट्रायल कोर्ट (राउज एवेन्यू कोर्ट) पहुंच गया है। वहां सुनवाई के बाद जमानत की शर्तें तय कर दी गई हैं। कोर्ट ने कहा कि संजय सिंह सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे। वे दिल्ली-एनसीआर छोड़कर नहीं जाएंगे. अगर दिल्ली-एनसीआर छोड़कर जाना है तो इसकी जानकारी देनी होगी। उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। संजय सिंह की लोकेशन पर नजर रखी जाएगी। जांच में सहयोग करना होगा। केस को लेकर कोई टिप्पणी या बयान नहीं दे सकते हैं।

ट्रायल कोर्ट की तरफ से जमानत की शर्तें तय होने के बाद आदेश तैयार किया गया और तिहाड़ जेल भेजा गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# राहुल गांधी ने वायनाड से दाखिल किया नामांकन



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के वायनाड से बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। राहुल गांधी यहां से दूसरी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन से पहले उन्होंने एक रोड शो भी निकाला, जिसमें प्रियंका गांधी के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक मौजूद रहे।

रोड शो के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मैं पांच साल पहले वायनाड आया, जब आपने मुझे संसद सदस्य के रूप में चुना था। आपने तुरंत मुझे अपने परिवार का हिस्सा बना लिया। वायनाड के हर व्यक्ति ने मुझे स्नेह, प्यार और सम्मान दिया है और मुझे अपने जैसा माना। राहुल गांधी एक बड़े से ट्रक के ऊपर सवार होकर नामांकन के लिए निकले। उनके ट्रक के आगे और पीछे दोनों ही तरफ बड़ी तादाद में लोगों का हुजूम साथ चल रहा था।

# कस्टडी से सोने के 36 तस्कर फरार



लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से सोना स्मगलिंग करने वाले 36 संदिग्धों के फरार हो जाने के बाद पुलिस व कस्टम विभाग में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार कस्टम की टीम ने 36 लोगों को सोना तस्करी के शक में कस्टडी में लिया था। कस्टम की कस्टडी से सभी संदिग्ध चकमा देकर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ एयरपोर्ट पर कस्टम की गिरफ्त से सोना तस्करी में शामिल 36 लोग फरार हो गए हैं। DRI (डायरेक्ट्रेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस) से मिली सूचना के आधार पर सोमवार को शारजाह से आई फ्लाइट में सवार 36 यात्रियों को रोका गया था। इसके बाद कस्टम ने सभी संदिग्धों को पूछताछ के लिए कस्टडी में ले लिया।


## मुकद्दस रमजान

इफ्तार बुधवार 06:42 PM

सहरी बृहस्पतिवार 04:47 AM


# नोएडा से गिरफ्तार यूपी पुलिस भर्ती पेपर लीक का मास्टर माइंड



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में एसटीएफ की यूनिट को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पहले भी कई बड़े एग्जाम के पेपर लीक करवा चुका है और इस मामले में वह जेल भी जा चुका है।

उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में यूपी एसटीएफ को बड़ी कामयाबी मिली है। यूपी एसटीएफ ने मुखबिर की सूचना के आधार पर यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का पेपर लीक करने वाले मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा पुत्र स्वर्गीय दीनानाथ मिश्रा निवासी ग्राम अमोर थाना मेजा प्रयागराज वर्तमान निवासी 97 भरतनगर जेके रोड भोपाल को ग्रेटर नोएडा के परी चौक से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त राजीव थाना कंकरखेड़ा मेरठ के केस क्राइम 166/24 अंतर्गत धारा 420 467 468 471बी, 120बी तथा आईपीसी 2/3/7/8/9 (शेष पृष्ठ-3 पर)


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses


# कार के शोरूम में लगी भीषण आग, खाक हुई बिल्डिंग



**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** लिंक रोड थाना क्षेत्र स्थित कार के शोरूम बुधवार सुबह करीब 5:30 बजे भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग कार्यालय के हिस्से में लगी थी और जिस तरफ कारें खड़ी थी उस ओर तेजी से बढ़ रही थी। गनीमत रही कि अग्निशमन कर्मियों ने उस हिस्से को जलने से बचा लिया। इससे करीब 20 कारें जलने से बच गईं।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन वैशाली में बुधवार सुबह 05:28 बजे हरप्रीत फोर्ड वर्कशाप प्लाट नम्बर-8/1ए साईट-4 इंडस्टियल एरिया साहिबाबाद में आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से मुख्य अग्निशमन अधिकारी व अग्निशमन अधिकारी वैशाली सहित 04 फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग बहुत तेज और धुआं बहुत ज्यादा था। आग बहुत तेजी से फैल रही थी फायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करना शुरू कर दिया, फायर यूनिट ने लगभग 01 घण्टे की कड़ी मक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## नोएडा में कार जलकर खाक



नोएडा के पैन ओसिस सोसाइटी सेक्टर-70 में कार टोयोटा इनोवा में आज सुबह आग लग गई। आग लगने की सूचना पर त्वरित कारवाई करते हुऐ फायर सर्विस यूनिट द्वारा 1 गाड़ी की मदद से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है। इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। जबकि कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है।

# युवक की लोहे की रॉड से पीटकर हत्या

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** लिंक रोड थाना क्षेत्र में नवीन एवं फल सब्जी मंडी में चाय की दुकान चलाने वाले युवक की लोहे की रॉड से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रह्लादगढ़ी के 22 वर्षीय मोबीन खान साहिबाबाद सब्जी मंडी में चाय की दुकान चलाते थे। उनके भाई फरीद का आरोप है कि रात एक बजे झंडापुर का गौरव दुकान पर आया। उसने आते ही उनके भाई मोबीन से धार्मिक नारे लगाने के लिए कहा। ऐसा नहीं करने पर उसने भाई के ऊपर एक के बाद एक लोहे की रॉड से कई वार किए। वह लहुलूहान हो गया। उसे निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


09100110910



SGS NOIDA
SARASWATI GLOBAL SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
Class Nursery to Class 8th
Plot No - 12, ESI Rd,Raghunathpur, Sector 22, Noida
Mob.09968227330,08750611103

## चीन की 'दादागीरी'

अरुणाचल प्रदेश पर चीन ने एक बार फिर अपनी दावेदारी दिखाने की कोशिश की है। वहां के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अरुणाचल की तीस जगहों के नाम जारी किए हैं। पिछले सात वर्षों में यह चौथी बार है, जब चीन ने अरुणाचल की जगहों के भारतीय नामों को बदल कर चीनी नाम जारी किए हैं। अरुणाचल को वह जंगनान कहता और उसे दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बता कर उसे अपने नक्शे में दिखाता रहा है। हालांकि भारत ने हर बार उसकी ऐसी हरकतों का पुरजोर विरोध किया और दोहराया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। मगर चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ करने की कोशिशों से बाज नहीं आता। उसके ताजा कदम के पीछे की वजहें समझी जा सकती हैं। पिछले महीने प्रधानमंत्री ने अरुणाचल में सैन्य सुरंग का उद्घाटन किया था, तब भी चीन ने आपत्ति दर्ज की थी। दरअसल, उसी के बाद से चीन को लगता है कि भारत के अरुणाचल वाले हिस्से पर उसके कब्जे की रणनीति अब कामयाब नहीं होने पाएगी, क्योंकि इस सुरंग के खुल जाने से चीन के बहुत करीब तक भारतीय सेना की आसान पहुंच हो सकेगी। प्रधानमंत्री की अरुणाचल यात्रा के बाद अमेरिका ने भी कह दिया कि अरुणाचल को वह भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार सैन्य या असैन्य घुसपैठ या अतिक्रमण के जरिए क्षेत्रीय दावे करने के किसी भी एकतरफा प्रयास का दृढ़ता से विरोध करता है। इससे चीन की तिलमिलाहट और बढ़ गई। दरअसल, चीन इसी तरह धौंस-पट्टी से या चोरी-छिपे वास्तविक नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण करने का प्रयास करता रहा है। गलवान घाटी में उसके सैनिक इसी कोशिश के तहत घुसे थे, जिसे भारत ने पूरी ताकत से नाकाम कर दिया था। हालांकि बताया जाता है कि अब भी भारत के कुछ हिस्सों पर उसने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। मगर इस तरह अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन कर और अपने नक्शे में पड़ोसी देश के हिस्से को दिखा कर कोई देश उस भूभाग का अधिकारी नहीं बन सकता। चीन इस तथ्य को नहीं झुठला सकता कि अरुणाचल को वह जिस तिब्बत का दक्षिणी हिस्सा बताता है, उस तिब्बत पर उसने खुद अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। अंतरराष्ट्रीय संधि के मुताबिक तिब्बत उसका हिस्सा नहीं, बल्कि स्वतंत्र राष्ट्र है। इस तरह चीन दो-दो भूभागों पर अवैध दावेदारी जताता रहा है। चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत किस तरह पड़ोसी देशों, खासकर भारत की सीमा से सटे देशों में अपनी उपस्थिति बनाए रखने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाता रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय से छिपा नहीं है। पाकिस्तान, श्रीलंका, मालदीव आदि को वित्तीय मदद पहुंचा कर वह उनके बंदरगाहों आदि पर लंबी अवधि का करार करके कब्जा जमा चुका है। दरअसल, भारत का आर्थिक विकास और दुनिया में एक ताकतवर शक्ति के रूप में उदय चीन को लगातार खटकता रहा है। फिर, अमेरिका के साथ बढ़ती उसकी नजदीकी भी उसे रास नहीं आती। इसलिए मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की मंशा से वह भारत के आसपास अपनी सामरिक और जासूसी गतिविधियां चलाने की कोशिश करता देखा जाता है। अन्यथा चीन इस बात से अनजान नहीं होगा कि किसी देश के किसी भूभाग का नाम बदल कर और उसे अपने नक्शे में दिखा कर उस पर कब्जा नहीं किया जा सकता।

## राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

भारतीय राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर जब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब जब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है, उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ।

दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोप प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है।



**केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता।**

हम यह भली भांति जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अन्ना हजारे ने सवाल उठाए थे, हालांकि अन्ना हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अन्ना हजारे की ओर से साफ सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अन्ना हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अन्ना हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन जब आग लगती है तब ही धुंआ उठता है और इस धुंए का कालिमा किस किस के शक्ल को बिगाडने का काम करेगी, यह समय के गर्भ में है।

केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्यवाही राजनीतिक होती तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं, कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ या फिर गोवा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगाया। यह बात सही है कि राजनीतिक तौर पर तर्क तो कई दिए जा सकते हैं, लेकिन इन तर्कों का आधार क्या है? यह कोई नहीं बता पाता।

भारत की राजनीति में इसे विसंगति ही माना जाएगा कि कोई अपराधी और उसके समर्थक उसे ऐसे नायक के रूप में प्रस्तुत करते दिखाई देते हैं, जैसे वह समाज के लिए आदर्श बन गया हो। ऐसे तमाम उदाहरण दिए जा सकते हैं जिसमें नेता जमानत पर बाहर आकर राजनीतिक वातावरण को स्वच्छ करने की बात करते हैं। क्या वास्तव में ऐसे राजनेता देश के राजनीतिक वातावरण को सकारात्मक दिशा देने का सामर्थ्य रखते हैं। कदाचित नहीं। क्योंकि आज के राजनीतिक माहौल में राजनेता जैसा अपने आपको दिखाने का प्रयास करते हैं, वैसा सिद्धांतत: होता नहीं है। उनके क्रियाकलाप केवल और केवल भ्रमित करने वाली राजनीति करने की ही होती है। देश में एक समय यह आम धारणा बन चुकी थी कि राजनीतिक भ्रष्टाचार इस देश की नियति बन चुकी है, लेकिन पिछले दस साल में इस धारणा को बदलने की सुगबुगाहट भी सुनाई देने लगी है। यह सुगबुगाहट कई राजनीतिक दलों को पसंद नहीं आ रही। ऐसे कई राजनेता हैं जो भ्रष्टाचार के दोषी सिद्ध हो चुके हैं और देश की राजनीति को सुधारने की कवायद कर रहे हैं। अब सवाल यह भी आता है कि क्या बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की बात करने का साहस दिखा सकते हैं। इसका उत्तर नहीं ही होगा, लेकिन वे फिर राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। भारत में साफ सुथरी राजनीति के क्या यही मायने हैं? क्या ऐसे नेता राजनीति को सही दिशा दे सकते हैं, इसका उत्तर हमें स्वयं तलाश करना होगा? ऐसे ही दिल्ली सरकार के घोटाला में होता हुआ लग रहा है। क्योंकि यह स्पष्ट रूप से कहा जा रहा कि गोवा में 45 करोड़ रुपए हवाला के माध्यम से दिए गए। ऐसे में सवाल यही है कि क्या यही साफ सुथरी राजनीति के मायने हैं? तर्क कुछ भी हों, परन्तु अब ऐसी राजनीति से देश को अलग करने का समय आ गया है।

**- सुरेश हिंदुस्तानी**
**वरिष्ठ पत्रकार**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे पक्षीराज! मेरे अत्यंत नम्र और कोमल वचन सुनकर कृपालु मुनि मुझसे आदर के साथ पूछने लगे- हे ब्राह्मण! आप किस कार्य से यहाँ आए हैं। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तब मैं कहा कृपानिधि तुम्ह सर्बग्य सुजान।**
**सगुन ब्रह्म अवराधन मोहि कहहु भगवान॥**

तब मैंने कहा- हे कृपा निधि! आप सर्वज्ञ हैं और सुजान हैं। हे भगवान मुझे सगुण ब्रह्म की आराधना (की प्रक्रिया) कहिए।

**तब मुनीस रघुपति गुन गाथा। कहे कछुक सादर खगनाथा॥**
**ब्रह्मग्यान रत मुनि बिग्यानी। मोहि परम अधिकारी जानी॥**

तब हे पक्षीराज! मुनीश्वर ने श्री रघुनाथजी के गुणों की कुछ कथाएँ आदर सहित कहीं। फिर वे ब्रह्मज्ञान परायण विज्ञानवान मुनि मुझे परम अधिकारी जानकर-॥

**लागे करन ब्रह्म उपदेसा। अज अद्वैत अगुन हृदयेसा॥**
**अकल अनीह अनाम अरूपा। अनुभव गम्य अखंड अनूपा॥**

ब्रह्म का उपदेश करने लगे कि वह अजन्मा है, अद्वैत है, निर्गुण है और हृदय का स्वामी (अंतर्यामी) है। उसे कोई बुद्धि के द्वारा माप नहीं सकता, वह इच्छारहित, नामरहित, रूपरहित, अनुभव से जानने योग्य, अखण्ड और उपमारहित है॥

**मन गोतीत अमल अबिनासी। निर्बिकार निरवधि सुख रासी॥**
**सो तैं ताहि तोहि नहिं भेदा। बारि बीचि इव गावहिं बेदा॥**

वह मन और इंद्रियों से परे, निर्मल, विनाशरहित, निर्विकार, सीमारहित और सुख की राशि है। वेद ऐसा गाते हैं कि वही तू है, (तत्वमसि), जल और जल की लहर की भाँति उसमें और तुझमें कोई भेद नहीं है॥

**बिबिधि भाँति मोहि मुनि समुझावा। निर्गुन मत मम हृदयँ न आवा॥**
**पुनि मैं कहेउँ नाइ पद सीसा। सगुन उपासन कहहु मुनीसा॥**

मुनि ने मुझे अनेकों प्रकार से समझाया, पर निर्गुण मत मेरे हृदय में नहीं बैठा। मैंने फिर मुनि के चरणों में सिर नवाकर कहा- हे मुनीश्वर! मुझे सगुण ब्रह्म की उपासना कहिए॥ (क्रमशः....)

## भारत के मिनी स्विटजरलैंड को देख भूल जाएंगे विदेशी नजारे

फिल्मों में पेरिस के एफिल टावर और स्विटजरलैंड की बर्फीली वादियों को देख दर्शक भी रोमांचित हो उठते हैं। ऐसी विदेशी जगहों पर कई युगल जाने का सपना देखते हैं। स्विटजरलैंड एक ऐसी जगह है, जहां पर हर भारतीय घूमना चाहता है। लेकिन स्विटजरलैंड जाने के लिए वीजा, पासपोर्ट और अतिरिक्त पैसों की जरूरत होती है। वहीं सामान्य लोगों के लिए स्विटजरलैंड जाना किसी सपने से कम नहीं होता है। लेकिन अगर आपको भारत में ही स्विटजरलैंड जैसे नजारे मिल जाएं, तो इतनी दूर जाने की क्या जरूरत है।



बता दें कि बेहद कम पैसे खर्च कर आप मिनी स्विटजरलैंड में ऐसे नजारे देख सकते हैं। दिल्ली के करीब भारत का स्विटजरलैंड काफी ज्यादा फेमस है। विदेशी पर्यटक भी यहां पर घूमने के लिए आते हैं। ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मिनी स्विटजरलैंड कहां है और यहां पर आप कैसे पहुंच सकते हैं।

उत्तराखंड के चमौली में स्थित औली हिल स्टेशन को %मिनी स्विटजरलैंड% कहा जाता है। यह भारत की सबस् खूबसूरत जगहों में से एक है। यहां की हसीन वादियां और पहाड़ देखकर आपको लगेगा, जैसे कि आप सच में स्विटजरलैंड में हैं। हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक कुदरत की इन नायाब जगह को निहारने के लिए यहां पहुंचते हैं। यहां बर्फ पर आप स्कीइंग का भी मजा ले सकते हैं।

बता दें कि औली को उत्तराखंड का स्वर्ग कहा जाता है। यह पूरी दुनिया में एक बेहतरीन स्की रिजॉर्ट के तौर पर फेमस है। औली की सुंदरता को निहारने के लिए साल के 12 महीने यहां पर पर्यटक पहुंचते हैं। बर्फ की सफेद चादर ओढ़े पहाड़ों से सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा देखने लायक होता है। यह हिल स्टेशन हर समय एक अलग रंग की खूबसूरती को बिखेरता रहता है।

**बेहद कम पैसे खर्च कर आप मिनी स्विटजरलैंड में ऐसे नजारे देख सकते हैं। दिल्ली के करीब भारत का स्विटजरलैंड काफी ज्यादा फेमस है। विदेशी पर्यटक भी यहां पर घूमने के लिए आते हैं। यहां के हसीन नजारे आपको जिंदगी भर याद रहेंगे।**

**स्कीइंग रेस**

यह एक ऐसी जगह है जिसको एफआइएस द्वारा स्कीइंग रेस के लिए अधिकृत किया गया है। स्नढ्ढस् के मानकों के मुताबिक बर्फ बनाने की वैकल्पिक व्यवस्था, स्कीइंग रेस के लिए केंद्रों में ढलान और विदेशी खिलाड़ियों के ठहराव की अच्छी व्यवस्था देखी जाती है। वहीं औली स्नढ्ढस् के इन सभी मानकों पर एकदम खरा उतरता है। औली में स्कीइंग के लिए 1300 मीटर लंबी स्की ट्रैक है। जो फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल स्कीइंग के मानकों को पूरा करता है।

**औली में रोपवे**

कश्मीर के गुलमर्ग को एशिया का सबसे लंबा रोपवे माना जाता है। इसके बाद दूसरे नंबर पर औली और जोशीमठ रोपवे है। तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने साल 1982 में इस 4.15 किमी लंबे रोपवे की आधारशिला रखी थी। यह रोपवे साल 1994 में बनकर तैयार हो गया था। रोपवे के जरिए आप औली की खूबसूरत दृश्यों का लुत्फ उठा सकते हैं।


**ऐसे पहुंचे औली**

दिल्ली से औली की दूरी 320 किमी है। इस खूबसूरत हिल स्टेशन तक पहुंचने के लिए आपको ट्रेन या बस के जरिए देहरादून जाना होगा। फिर सड़क मार्ग के आगे का रास्ता तय किया जा सकता है। बता दें कि उत्तराखंड परिवहन की स्थानीय बसों या निजी वाहन आदि से आप औली तक पहुंच सकते हैं।


**- अनन्या मिश्रा**

## राशिफल


चैत्र कृष्ण पक्ष : नवमी | ( विक्रम संवत् 2080 )




**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान बहुत अच्छा, व्यापार भी बहुत अच्छा।




**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।




**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
जिस चीज की जरूरत होगी उसकी उपलब्धता होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम संतान थोड़ा अभी भी मध्यम चल रहा है।




**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान बहुत अच्छा। धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबो में वृद्धि होगी।



**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
मन बेचैन रहेगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान ठीक-ठाक, व्यापार भी ठीक है।




**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
पराक्रम रंग लाएगा रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम, प्रेम संतान माध्यम, व्यापार सही चलेगा।




**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
राजनीतिक लाभ मिलेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगा। पिता का साथ होगा। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी।



**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
मां का साथ होगा। भूमि भवन वाहन की खरीदारी होगी लेकिन गृह कलह भी हो सकती है।



**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, समाज में सराहे जाएंगे, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान में सुधार हो चुका है।



**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
प्रेम में नोकझोंक हो सकता है। संतान पक्ष से थोड़ी सी नोकझोंक हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा।



**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार अच्छा। शत्रु नुकसान पहुंचने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं नतमस्तक होंगे और रुका हुआ आपका कार्य चल पड़ेगा।



**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
शत्रुओं पर विजय मिलेगी। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चकरी की स्थिति अच्छी होगी। पारिवारिक स्ट्रक्र सुधरेगा।

# डिप्टी सीएम आज जिले में

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा के ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने बताया कि प्रदेश के



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज भाजपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. महेश शर्मा के नामांकन कराने के लिये लखनऊ से हैलीकाप्टर से एक्सपोमार्ट ग्रेटर नोएडा पहुँचेंगे और शारदा यूनिवर्सिटी संस्थान नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा में गौतमबुधनगर लोकसभा कार्यकर्ताओं में जीत का मंत्रणा भरेंगे।



सेक्टर-142 स्थित शहदरा गांव में भाकियू (बलराज) का धरना आज भी जारी रहा।

# वार्षिक अंक पत्र वितरित, छात्र हुए सम्मानित




**मिर्जापुर (चेतना मंच)।** रमईपट्टी स्थित एआरसीयस पब्लिक स्कूल व आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान में वार्षिक अंक पत्र वितरण किया गया।

इस मौके पर संस्था के सचिव भोलानाथ कुशवाहा द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया और अध्यापिकाओं में प्रियंका विश्वकर्मा,अजय पांडे ,अंकित श्रीवास्तव , शशि बाला श्रीवास्तव, अर्चना, प्रधानाचार्य आशीष चंद्र शुक्ल, प्रबंधक राकेश चंद्र शुक्ल और अध्यापक जितेंद्र प्रजापति सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# धरनास्थल पर पहुंची नोएडा प्राधिकरण की टीम



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के धरनास्थल पर कल नोएडा प्राधिकरण की टीम पहुंची और उन्होंने पैमाइश के लिए चिनांकन किया और पॉइंट बनाएं जिस की मशीन द्वारा कल से पैमाइश शुरू हो जाएगी। दो से तीन दिनों में पैमाइश करने के बाद ऊपर के उच्च अधिकारियों को प्राधिकरण में रिपोर्ट पेश की जाएगी।

पैमाइश करने वालों में मुख्य रूप से नोएडा प्राधिकरण के तहसीलदार लेखपाल और वर्क सर्किल 8 के जेई और उनके साथ उनके टीम सुपरवाइजर फील्ड ऑफिसर लगभग करीब एक से डेढ़ घंटे में चिन्हांकन किया।

# शराब की तस्करी करते गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त



गौतमबुद्ध नगर के निर्देशन में,जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्ध नगर के नेतृत्व में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णत: अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

प्रवर्तन अभियान के क्रम में आबकारी विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दबिश देकर थाना फेज-1 स्थित न्यू अशोकनगर से राहुल उर्फ छोटू पुत्र अजीत व संजू पुत्र छविलाल को क्रेजी रोमियो विदेशी शराब ब्रांड के 144 पौवे धारिता 180 एम एल विदेशी शराब अरुणाचल प्रदेश में बिक्री हेतु अनुमन्य का अवैध बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध 60/63 धारा के अंतर्गत थाना फेज-1 में अभियोग पंजीकृत किया गया।










जिला कलेक्टर सूरजपुर स्थित कलक्ट्रेट परिसर में नामांकन के पूर्व तथा बाद में भाजपा की पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों को अभिवादन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करते भाजपा प्रत्याशी व सांसद डॉ. महेश शर्मा। इस मौके पर राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, दादरी की विधायक तेजपाल नागर, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बिमला बाथम, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उद्योगपति आनंद चौहान, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, एनपी सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रविकांत मिश्रा, डिंपल आनंद, चंदगीराम यादव, मनीष शर्मा, रामनिवास यादव, ओमवीर अवाना, डॉ. नरेश शर्मा, तन्मय शंकर, कालिदास शर्मा, पुनीत शुक्ला समेत शहर के सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उद्योगपति मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ....**

पूजा अर्चना के बाद भगवान से आशीर्वाद लेकर डॉ. महेश शर्मा नामांकन भरने के लिए सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हो गए।

दोपहर 12: 00 बजे डॉ. महेश शर्मा ने सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया इस दौरान नामांकन के बाद डॉ महेश शर्मा ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा विश्वविद्यालय पहुंचे जहां पर जहां पर ऑडिटोरियम में सैकड़ो कार्यकर्ताओं व समर्थकों को उन्होंने संबोधित किया

नामांकन से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि वह पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद देना चाहते हैं कि उन्होंने एक बार फिर मुझे पार्टी का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम समझा। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश भर में और उत्तर प्रदेश में जो कुछ काम किए गए हैं। वह अभूतपूर्व हैं मुझे विश्वास है कि हम पिछली बार की जीत से भी बेहतर परिणाम इस बार लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछली बार लोकसभा चुनाव में 372 सीट जीती थी। पिछले 5 साल की रिकॉर्ड के आधार पर ऐसा लगता है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी सिर्फ 400 नहीं बल्कि उससे भी अधिक सीट जीतकर देश में एक पूर्ण बहुमत और मजबूत सरकार बनाकर इस देश को दुनिया की बड़ी विश्व शक्ति बनाएगी।

**संजय सिंह दिल्ली.....**

जेल विभाग का कहना है कि जमानत आदेश मिलने के बाद उसका अध्ययन किया जाएगा और रिहाई प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

तिहाड़ जेल से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट से संजय सिंह की रिहाई का आदेश तिहाड़ जेल पहुंचा गया है। सूत्रों के मुताबिक, संजय सिंह पर पंजाब, गुजरात और उत्तर प्रदेश में केस दर्ज हैं। जेल प्रशासन इन केस के स्टेटस रिपोर्ट भी ले रहा है कि कहीं इन तीन राज्यों में दर्ज हुए केस में संजय को गिरफ्तार तो नहीं किया गया है। अगर गिरफ्तार किया गया है तो उसमें कोर्ट से जमानत मिली है या नहीं।

जमानत की शर्तों के साथ कोर्ट में आदेश तैयार किया जाएगा, जिसके बाद आदेश को तिहाड़ जेल भेजा जाएगा। बेल ऑर्डर पहुंचने के बाद रिलीज ऑर्डर तैयार किया जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि संजय सिंह को सीधे आईएलबीएस अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। रिहाई आदेश आते ही तिहाड़ अधिकारी पुलिस को रिपोर्ट सौंप देंगे और संजय सिंह को रिहा कर दिया जाएगा। जेल की सुविधाओं के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति को अपना सामान रखने के लिए एक अलमारी दी जाती है. यदि संजय सिंह के पास कोई सामान है तो वे बाद में उसे ले सकते हैं, इसका विवेकाधिकार कैदी के पास रहता है।

**नोएडा से गिरफ्तार ....**

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम में वांछित चल रहा था। पूछताछ में प्रकाश में आया है कि राजीव ने गुड़गांव के अलावा मध्य प्रदेश के रीवा के भी एक रिसॉर्ट में अपने गैंग के साथ पेपर करवाया था। पूर्व में यह एचएम घोटाले में ग्वालियर और यूपी टेस्ट पेपर लीक में कौशांबी से जेल जा चुका है। यूपी एसटीएफ अब तक 54 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

**नाम-परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पूनम कुमारी पत्नी श्री संजय कुमार सिंह, पता एच-455 अल्फा -02 , ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) है। मैंने अपना नाम बदलकर अनु सिंह से पूनम कुमारी कर लिया है। भविष्य में मुझे पूनम कुमारी के नाम से जाना जाए।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com






## नमो टी–स्टाल पर उमड़ी भीड़, कंगना रनौत पिलाई चाय

**–भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की मंडी से लोकसभा चुनाव में बनाया है प्रत्याशी**

मंडी। भारतीय फिल्म अभिनेत्री जो अपने बेबाक बयानों की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से कंगना रनौत को अपना प्रत्याशी बनाया है। कंगना ने मंडी में भाजपा नेताओं व अन्य लोंगों को नमो–टी स्टाल में चाय पिलाई। इस टी स्टॉल पर कंगना को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर में भाजपा ने नमो टी स्टॉल लगाया गया था। इस टी स्टॉल पर फिल्म अभिनेत्री और मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पहुंची और वहां मौजूद भाजपा नेताओं और अन्य लोगों को चाय पिलाने के साथ खुद भी चाय की चुस्कियां का आनंद लिया। इससे पहले कंगना ने मंडी शहर के बाबा भूतनाथ मंदिर व माता सिद्ध काली मंदिर में पूजा अर्चना की। पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरे देश में जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रुप में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी सभी लोकसभा सीटों पर कार्यकर्ताओं में चुनावों को लेकर भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि



इस बार भी हिमाचल प्रदेश की भाजपा चारों की चारों सीटें जीत कर केंद्र में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र से अभिनेत्री कंगना रनौत को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद उन्होंने मंडी के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावों की रणनीति तैयार कर ली है! जयराम ने कहा कि लोकसभा के चुनावों और विधानसभा के उप चुनावों के बाद हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सभी की अपनी कुछ व्यस्तताएं हैं, जिनके चलते कुछ नेता बैठकों में नहीं आ सके, लेकिन वह नेता किसी नाराजगी के वजह से नहीं आ सके हैं, वह आने वाले समय में भाजपा के साथ एकजुट होकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत के कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा की गई है। इस मौके पर जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल समेत अन्य भाजपा नेता भी मौजूद थे।

## वामपंथी महिला संगठनों ने की भाजपा के विज्ञापन की निंदा, वापस लेने की मांग

नयी दिल्ली। कई वामपंथी महिला संगठनों ने भाजपा के उस विज्ञापन की निंदा की है, जिसमें इंडिया' गठबंधन के नेताओं की नकल की गई है और उन्हें एक ''दुल्हन'' के लिए लड़ते हुए दिखाया गया है। उन्होंने मांग की कि इस विज्ञापन वापस लिया जाए। वामपंथी महिला संगठनों ने कहा कि भाजपा उस विज्ञापन वापस ले। इस जारी बयान पर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वूमन एसोसिएशन की महासचिव मरियम धावले, नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वूमन की महासचिव एनी राजा, ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव वूमन एसोसिएशन की महासचिव मीना तिवारी समेत अन्य ने हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया कि चार राष्ट्रीय महिला संगठन भाजपा द्वारा जारी हालिया चुनावी विज्ञापन की कड़ी निंदा करते हैं। यह विज्ञापन इस देश की महिलाओं का अपमान है क्योंकि यह उन्हें बेहद सामंती, पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण से दर्शाता है।

## विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए सांसद राहुल गांधी, सुनवाई 12 अप्रैल को

सुलतानपुर । विधानसभा चुनाव के दौरान बैंगलोर में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेसवार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को विशेष कोर्ट में बयान दर्ज कराने हाजिर नही हुए। बचाव पक्ष के वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने वायनाड में राहुल गांधी के पर्चा दाखिला कार्यक्रम को लेकर मौके का प्रार्थनापत्र विशेष अदालत में दिया, जिस पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध दर्ज कराया। कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 12 अप्रैल की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है, जिसमें मंगलवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी।

## ऑनलाइन मंगवाया केक खाने के बाद बच्ची की मौत के मामले में 3 गिरफ्तार

पटियाला। पंजाब के पटियाला में आनलाइन मंगवाया गया केक खाने के बाद 10 साल की बच्ची की मौत के मामले में पुलिस ने बेकरी मालिक समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप जोमैटो ने भी घटना पर दुख जताते हुए इस फर्म को अपनी लिस्ट से बाहर कर दिया है। इस मामले में बड़ा फर्जीवाड़ा भी सामने आया है। दरअसल पटियाला के अमन नगर इलाके में रहने वाली 10 साल की बच्ची मानवी का 24 मार्च को जन्मदिन था। इस मौके पर उसकी मां काजल ने जोमैटो पर कान्हा फर्म से केक मंगवाया। रात को परिवार के सभी लोगों ने जन्मदिन मनाया और केक खाया। केक खाने के बाद मानवी की तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान मानवी की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक मानवी की मौत के बाद उसके परिजनों ने केक भेजने वाले कान्हा फर्म के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जब जांच की गई तो उसमें जो पता दिया गया था वो फर्जी निकला और वहां ऐसी कोई दुकान ही नहीं थी। इसके बाद मानवी के परिजनों ने 30 मार्च को फिर जोमैटो के जरिए उसी कान्हा फर्म से फिर एक केक मंगवाया और जब उसे देने डिलीवरी एजेंट पहुंचा तो उस पकड़ लिया। डिलीवरी एजेंट के साथ जब पुलिस केक भेजने वाली दुकान पर पहुंची तो पता चला कि कान्हा फर्म फर्जी थी और केक न्यू इंडिया बेकरी से भेजा गया था। इस दौरान केक से मौत होने के बाद परिजनों ने बचे हुए केक को फीज में संभाल कर रखा था ताकि उसकी जांच की सके। पुलिस के मुताबिक न्यू इंडिया बेकरी के मालिक ने ही कान्हा फर्म नाम से एक और बेकरी रजिस्टर्ड करा रखा था और जोमैटो पर डिलीवरी के लिए इसी नाम का इस्तेमाल करता था। इस घटना को लेकर सिटी एसपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। बेकरी के कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि बेकरी मालिक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

## चुनाव ड्यूटी करने से मना करने पर शिक्षिका की गिरफ्तारी के आदेश

अहमदाबाद । गुजरात के अहमदाबाद में एक शिक्षिका को चुनाव ड्यूटी करने से मना करने पर उसकी गिरफ्तारी के आदेश दिये गये हैं। अहमदाबाद के चेनपुर प्राथमिक विद्यालय में हीनल प्रजापति शिक्षिका के तौर पर कार्यरत है। हीनल प्रजापति को अरेस्ट करने पुलिस विद्यालय पहुंची। तब शिक्षिका ने चुनाव कार्य में नहीं जुड़ पाने की वजह बताई इसके बावजूद उन्हे बीएलओ का काम सौंपा गया है। शिक्षिका ने कहा कि घर पर सास–ससुर बीमार हैं। बच्चा छोटा है जिसकी वजह से मैंने घाटलोडिया विधानसभा में बीएलओ का कार्य नहीं देकर करीब में बीएलओ का काम देने की मांग की। चुनाव कार्य में नहीं जुड़ पाने की वजह बताने के बाद भी पुलिस अरेस्ट करने पहुंची है। शिक्षिका को अरेस्ट करने पहुंची पुलिस को लेकर शिक्षक संघों की तरफ से विरोध दर्ज किया गया है। संघ ने कहा है कि चुनाव अधिकारी अरेस्ट करने जैसे आदेश देने वाले अधिकारियों पर ध्यान दें। बड़ी संख्या में शिक्षक चुनाव का कार्य करते हैं। शिक्षिका ने उपस्थित नहीं की वजह बताई इसके बावजूद उनके खिलाफ अरेस्ट करने जैसी कार्रवाई का आदेश देना ठीक नहीं है। संघ ने मांग की है कि महिला शिक्षकों को घर के पास ड्यूटी दी जाए। शिक्षिका को अरेस्ट करने का आदेश दिए जाने पर डिप्टी कलेक्टर उमंग पटेल ने कहा कि चेनपूर स्थित विद्यालय की शिक्षिका को बीएलओ की जिमेदारी सौंपी गयी थी। शिक्षिका ने लिखित में बीएलओ का काम नहीं देने को कहा था। उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टता देने को कहा गया था।

# जब ममता बनर्जी ने बजाया ढोल, आदिवासियों के साथ किया डांस

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जलपाईगुड़ी जिले में आदिवासियों के साथ नृत्य करते देखा गया जब उन्होंने तूफान के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए क्षेत्र का दौरा किया। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में ममता बनर्जी को आदिवासी महिलाओं के बीच नृत्य करते हुए देखा गया, जिन्होंने उनके नृत्य आंदोलनों के साथ तालमेल बिठाने का प्रयास करते हुए उन्हें दोनों तरफ से घेर लिया। जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ता है, वह महिलाओं के साथ बातचीत में संलग्न हो जाती है, जबकि आदिवासी संगीत, पुरुषों द्वारा बजाए जाने वाले ढोल की थाप के साथ पृष्ठभूमि में बजता है। अंत में, वह ड्रम बजाने का भी प्रयास करती है, जैसा कि फुटेज में कैद हुआ है।



पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में चक्रवात के प्रभाव के बाद, ममता बनर्जी ने रविवार रात जलपाईगुड़ी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चक्रवात पीड़ितों से मुलाकात की। अचानक आए तूफान और भारी बारिश ने जलपाईगुड़ी शहर और आसपास के इलाकों में तबाही मचा दी, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग बेघर हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा यह जानकर दुख हुआ कि आज दोपहर अचानक भारी बारिश और तूफानी हवाएं जलपाईगुड़ी-मैनागुड़ी के कुछ इलाकों में आपदाएं लेकर आईं, जिसमें मानव जीवन की हानि, चोटें, घर की क्षति, पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए।

जलपाईगुड़ी जिले की छह और कूचबिहार की एक विधानसभा सीट को शामिल करने वाले इस निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। जलपाईगुड़ी में मुख्य रूप से कोच राजबोंगशी (लगभग 30प्र.), आदिवासी (10प्र. से अधिक), नेपाली भाषी (लगभग 4.5प्र.), हिंदी भाषी (लगभग 3प्र.) और लिम्बु (1.9प्र.) रहते हैं। बाकी आबादी मुस्लिम, हिंदू और अन्य हैं।

## बाबा रामदेव और बालकृष्ण 10 अप्रैल को कोर्ट में फिर होंगे पेश



नई दिल्ली। पतंजलि आयुर्वेद की ओर से भ्रामक विज्ञापन और एलोपैथी चिकित्सा को निशाने पर लेने के मामले में आज योग गुरु रामदेव और एमडी आचार्य बालकृष्ण अदालत में पेश हुए। इस दौरान अदालत ने कहा कि आपको पहले ही चेतावनी दी गई थी और आपने शपथ पत्र भी दाखिल किया था। फिर क्यों इस तरह की गलती हुई। यह पूरी तरह से अवमानना है। केवल उच्चतम न्यायालय ही नहीं बल्कि देश की सभी अदालतों द्वारा पारित हर आदेश का आपको सम्मान किया जाना चाहिए। अदालत ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को निजी तौर पर फिर से अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। अब दोनों को 10 अप्रैल को फिर कोर्ट में हाजिर होना होगा। इसी दिन हलफनामा भी दाखिल करना होगा। कोर्ट ने कहा कि हम आपको आखिरी मौका देते हैं और आपको जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का वक्त है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से पतंजिल पर कार्रवाई न करने पर भी हैरानी जताई। जस्टिस अमानुल्लाह और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच ने कहा कि आश्चर्य है कि जब पतंजलि कंपनी जोर–शोर से यह कह रही थी कि एलोपैथी में कोविड का कोई इलाज नहीं है तब केंद्र सरकार ने अपनी आंखें बंद क्यों रखी थी। इस पर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था।

# वीवीपेट की पर्चियों से मतों का मिलान करने को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** ईवीएम मशीन को लेकर विपक्षी दल लंबे समय से सवाल उठाते रहे हैं। यही नहीं वीवीपेट की पर्ची से मतों के मिलान करने की मांग भी उठती रही है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका की सुनवाई हुई। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। दरअसल, शीर्ष न्यायालय में याचिका दाखिल हुई थी, जिसमें सभी वीवीपेट पेपर स्लिप की गणना या काउंटिंग की मांग की गई थी। इस संबंध में अदालत ने जवाब मांगा है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया है कि रेंडम यानी बगैर किसी विचार के 5 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन चुनने के बजाए सभी वीवीपेट की गणना होनी चाहिए। वकील और एक्टिविस्ट अरुण कुमार अग्रवाल की तरफ से शीर्ष न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी। इसके अलावा इसी तरह की याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने भी दाखिल की थी।



याचिका में चुनाव आयोग के उन दिशा निर्देशों को भी चुनौती दी गई है, जिसमें एक के बाद एक वीवीपेट वेरिफिकेशन की बात कही गई है। याचिका में कहा गया है कि अगर एक साथ वेरिफिकेशन किया जाएगा और गणना में ज्यादा अधिकारियों को तैनात किया जाएगा, तो वीवीपेट वेरिफिकेशन महज 5 से 6 घंटों में पूरा हो सकता है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सरकार ने लगभग 24 लाख वीवीपेट खरीदने के लिए करीब 5 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं। जबकि, मौजूदा स्थिति में अनुमानित 20 हजार वीवीपेट की ही पर्चियों का वेरिफिकेशन हो पा रहा है। याचिका में कहा गया है कि कई विशेषज्ञ इस विषय में कई प्रश्न उठा चुके हैं और ईवीएम तथा वीवीपैट के मतों में बड़ी संख्या में विसंगतियों की सूचनाएं विगत में आती रही हैं।

याचिका में उच्चतम न्यायालय से मांग की गई है कि ईवीएम के वोट का मिलान वीवीपैट की पर्ची के साथ कराया जाए। वीवीपैट की पर्चियों की पुष्टि बारी बारी से कराने के आयोग के अगस्त 2023 के दिशा निर्देश को निरस्त किया जाए। आयोग को निर्देश दिया जाए कि वो मतदाताओं को वीवीपैट की अपनी पर्ची को मतदान के बाद एक अलग मतपेटी में डालने की अनुमति दे तथा आयोग वीवीपेट मशीन के शीशे को पारदर्शी रखे और मतदान करते समय उसकी बत्ती इतने समय तक जलती रही कि मतदाता अपने मत की कागजी रिकॉर्डिंग को आराम से देख सके और उस पर्ची को फाड़कर अलग पेटी में डाल सके। बता दें कि 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपीएटी) एक स्वतंत्र वोट वेरिफिकेशन सिस्टम है, जो वोटर्स को यह देखने की अनुमति देती है कि उसका वोट उसी उम्मीदवार को गया है या नहीं, जिसे उसने वोट दिया है। वीवीपैट के जरिये मशीन से कागज की पर्ची निकलती है, जिसे मतदाता देख सकता है और इस पर्ची को एक सीलबंद डिब्बे में रखा जाता है और विवाद की स्थिति में इसे खोला जा सकता है

## सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ एजेंसियों के काम से नाराज, दी नसीहत

**–जांच एजेंसियों राष्ट्र की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति पर ध्यान दें जो सावर्जनिक व्यवस्था के लिए खतरा हैं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने देश में काम कर रही जांच एजेंसियों को लेकर एक बड़ा बयान दिया है जिसमें उन्होंने जांच एजेंसियों को लेकर कहा है कि जांच एजेंसियों को उन मामलों में मुस्तैद होकर कार्रवाई करनी चाहिए, जो राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हुए हैं। खासतौर से संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मामलों पर गौर करना चाहिए जो सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा बने हुए हैं। सीजेआई ने कहा कि तलाशी और जब्ती की जांच एजेंसियों की शक्तियों और किसी व्यक्ति की निजता के बीच संतुलन बैठना जरूरी है। इस व्यवहार से निष्पक्ष समाज की आधारशिला बनेगी। कई कानूनी प्रक्रियाओं में देरी होती है जिससे निपटने के लिए व्यवस्थित रणनीति तैयार होनी चाहिए। सीजेआई ने एक कार्यक्रम में यह बात कही। गौरतलब है कि कई ऐसे लोग हैं जिन पर कानून के उल्लंघन के गंभीर आरोप हैं। ऐसे आरोप लगने के बाद लोगों की जिंदगी और प्रतिष्ठा को नुकसान भी पहुंचता है। कानूनी प्रक्रिया में होने वाली देरी के कारण न्याय मिलने में भी समय लग जाता है जो की एक बड़ी बाधा है। सीबीआई के मामलों के निपटने में देरी को दूर करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार करने की जरूरत है। इसके पीछे कारण बताया गया है कि अगर राजनीति तैयार होगी तो लंबित मामले में लोगों को जल्द से जल्द न्याय मिल सकेगा और लोग न्याय पाने से वंचित नहीं रहेंगे। सीजेआई ने आगे कहा कि आपराधिक न्याय क्षेत्र में, तलाश और जब्ती शक्तियों तथा व्यक्तिगत गोपनीयता अधिकारों के बीच बहुत नाजुक संतुलन है और यह एक निष्पक्ष एवं न्यायपूर्ण समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि इस संतुलन के मूल में उचित प्रक्रिया को बनाए रखना जरुरी है। सीजेआई ने कहा लगता है कि चीजों में तेजी से बदलाव के बावजूद पिछ्ले कुछ सालों में हमारी जांच एजेंसियों की व्यापकता का दायरा बहुत कम रहा है। हमारी प्रमुख जांच एजेंसियों को ऐसे अपराधों पर ध्यान देना चाहिए जो असल में राष्ट्र की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और लोक व्यवस्था के लिए खतरा हैं।

## कांग्रेस के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों ने बताया कि कैसे होंगे बैलेट पेपर से चुनाव

**रायपुर (एजेंसी)।** साल 2024 के लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होंगे। आम चुनावों के लिए आचार संहिता भी लागू हो गई है। केन्द्रीय चुनाव आयोग ने तारीखों की घोषणा करते हुए साफ किया था कि देश में ईवीएम से वोटिंग होगी। हालाकि कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल बैलेट पेपर से वोटिंग कराने की मांग करते रहे हैं। इस बार भी बैलेट पेपर पर वोटिंग का मुद्दा जोर पकड़ रहा है। इसी बीच कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और अब दिग्विजय सिंह ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने का तरीका बताया है।

मध्य प्रदेश की राजगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने रविवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह 400 लोगों से नामांकन दाखिल कराने का प्रयास कर रहे हैं ताकि चुनाव बैलेट पेपर से हों। दिग्विजय सिंह ने यह बात सुसनेर के कचनारिया गांव में एक नुक्कड़ सभा के दौरान कही थी। उन्होंने लोगों से भी सवाल किया कि चुनाव बैलेट पेपर से होने चाहिए या फिर ईवीएम से। दिग्विजय से सवाल पर लोगों ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की बात कही। जिसके जवाब में पूर्व सीएम ने कहा- बैलेट पेपर से चुनाव कराने का एक ही तरीका है। अगर 400 उम्मीदवार चुनाव में खड़े हो जाएं तो वोटिंग ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से होगी। उन्होंने यहां तक कहा कि मैं तैयारी कर रहा हूं कि 400 लोग नामांकन दाखिर करें। दिग्विजय सिंह ने यह भी कहा कि सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को 25 हजार रुपये की जमानत राशि जमा करनी होगी जबकि आरक्षित श्रेणियों के लोगों को 12 हजार 500 रुपये जमा करने होंगे। यही एक तरीका है जिससे राजगढ़ लोकसभा सीट में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव हो सकते हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी ईवीएम को लेकर सवाल उठा चुके हैं। भूपेश बघेल को कांग्रेस ने इस बार राजनांदगांव लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। दुर्ग में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा था कि अगर लोकसभा चुनाव में 384 से अधिक उम्मीदवार एक सीट से चुनाव लड़ते हैं तो निर्वाचन आयोग बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव कराने के लिए मजबूर होगा।

दरअसल प्रत्येक ईवीएम में एक निर्वाचन क्षेत्र में 384 उम्मीदवारों के लिए वोटिंग हो सकती है। इसमें नोटा भी शामिल होता है। एक बैलेट यूनिट में नोटा सहित कुल 16 उम्मीदवारों के नाम आते हैं। इस तरह 24 ईवीएम को एक कंट्रोल यूनिट से जोड़ा जो सकता है। ऐसे में 384 उम्मीदवारों के लिए ही ईवीएम से वोटिंग हो सकती है।

## वरुण गांधी का टिकट कटने पर मेनका गांधी ने पहली बार तोड़ी चुप्पी, उनके कांग्रेस से लड़ने पर भी दिया जवाब

**लखनऊ (एजेंसी)।** भाजपा सांसद वरुण गांधी को उनके निर्वाचन क्षेत्र पीलीभीत से टिकट नहीं दिए जाने के कुछ दिनों बाद, उनकी मां और भाजपा सांसद मेनका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की अपनी 10 दिवसीय यात्रा पर चुप्पी तोड़ी और पार्टी का हिस्सा बनने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मैं बीजेपी में हूं। मुझे टिकट देने के लिए मैं अमित शाह, पीएम मोदी और नड्डा जी को धन्यवाद देती हूं। टिकट की घोषणा बहुत देर से हुई, इसलिए दुविधा थी कि कहां से लड़ूं। पीलीभीत या सुल्तानपुर से। अब पार्टी ने जो निर्णय लिया है, उसके लिए मैं आभारी हूं।

वरिष्ठ नेता ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं सुल्तानपुर वापस आई क्योंकि इस जगह का एक इतिहास है कि सुल्तानपुर में कोई भी सांसद दोबारा



सत्ता में नहीं आया। विशेष रूप से, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित होने के बाद मेनका गांधी की यह सुल्तानपुर की पहली यात्रा थी। जिले के अपने 10 दिवसीय दौरे पर वह पूरे लोकसभा क्षेत्र के 101 गांवों का दौरा करेंगी। वहीं, मेनका गांधी ने आखिरकार अपने बेटे वरुण गांधी को टिकट न दिए जाने पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि वह चुनाव के बाद वरुण के भविष्य के बारे में चर्चा करेंगी, जिससे संकेत मिलता है कि निर्णय लेने के लिए अभी भी पर्याप्त समय है।

मेनका गांधी ने कहा कि यह उससे पूछो। वरुण का टिकट कटने के बाद हमारे बारे में बहुत सारी बातें कही गईं। वरुण गांधी के रायबरेली-अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चाएं चल रही हैं। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी। आइए इस विषय को छोड़ें। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में हूं, दूसरी पार्टी (कांग्रेस) की नेता नहीं जो उसके बारे में आपको जानकारी दूं। उन्होंने कहा कि वरुण और उनकी पत्नी की तबीयत ठीक नहीं है और मेरी समधन (वरुण की सास) को दिल का दौरा पड़ा है, इसलिए वह नहीं आ पा रहे हैं। इस बार मैं और मेरी पार्टी चुनाव की कमान संभालेंगे।

## नकुलनाथ ने शाह को कहा गद्दार, चुनाव आयोग पहुंची बीजेपी ने की शिकायत



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा से सांसद और कांग्रेस प्रत्याशी नकुल नाथ पर आरोप है कि उन्होंने अमरवाड़ा के आदिवासी विधायक कमलेश शाह को गद्दार कहा। इसे लेकर बीजेपी चुनाव आयोग पहुंची है और उसने आयोग से इस मामले में एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत नकुल नाथ के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। वहीं एक अन्य शिकायत में, बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लोकसभा चुनाव की मतगणना और नतीजों के दिन 4 जून को भाषण देने से रोकने की भी मांग की है। लोकसभा चुनाव 2024 की तिथियां घोषित होने के साथ ही देश का सियासी गलियारा गरमा चुका है। हर राजनीतिक शख्स चुनाव मैदान में अपने सामने खड़े होने वाले शख्स को निशाने पर ले रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान कई ऐसे बयान भी सामने आ रहे हैं जिसका न सिर्फ विरोध और समर्थन हो रहा बल्कि चुनाव आयोग के दरवाजे भी खटखटाए जा रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में छिंदवाड़ा से कांग्रेस उम्मीदवार नकुल नाथ के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधि मंडल निर्वाचन आयोग शिकायत करने पहुंचा है। आरोप है कि नकुल नाथ ने अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का उपयोग करते हुए गद्दार तक कह दिया। बीजेपी प्रतिनिधि मंडल का कहना है कि नकुल नाथ ने शाह को आमसभा में बिका हुआ गद्दार कहा। बीजेपी ने निर्वाचन आयोग से एफआईआर दर्ज कराने की मांग की जिस पर सीईओ ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दे दिया। गौरतलब है कि नकुल नाथ पिछले दिनों शाह के विधानसभा क्षेत्र छिंदी में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे।

## सारण में रोहिणी आचार्य की पॉलिटिकल एंट्री, किया रोड शो, बीजेपी का तंज, बताया सिंगापुर की बहू

**पूर्णिया(एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा बिहार से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य के नाम की घोषणा के बाद, उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता विजय सिन्हा ने उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बेटी जो अब सिंगापुर चली गई है वह वहां से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा, 'बिहार में बेटियों का कोई सम्मान नहीं है।' उन्होंने कहा कि बिहार के लोग तय करेंगे कि किसके साथ जाना है - वह जो बिहार के लिए प्रतिबद्ध है या वह जो सिंगापुर में काम करेगा।

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य, जो राजद उम्मीदवार के रूप में सारण लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं, आज अपना चुनाव अभियान शुरू किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं जनता के बीच जा रही हूं। मुझे अपने माता-पिता और ससुराल वालों का आशीर्वाद मिला है। मैं वहां एक रोड शो करूंगी।' उनका मुकाबला भाजपा नेता और चार बार के लोकसभा सदस्य राजीव प्रताप रूडी से है। रोहिणी राजनीति में आने वाली लालू-राबड़ी परिवार की छठी सदस्य बन गई हैं। उनकी बड़ी बहन मीसा तीसरी बार पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं, जबकि भाई तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव विधायक और पूर्व मंत्री हैं।

सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता और पिता को किडनी दान करने के कारण हाल के दिनो में चर्चा में रहीं आचार्य ने मंगलवार को पटना से सारण के लिए रवाना होने से पहले माता-पिता (लालू प्रसाद और राबड़ी) के चरण स्पर्श किए और घर में बने मंदिरों में पूजा-अर्चना की। प्रचार अभियान के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए आचार्य ने कहा, ''मैं सारण के लोगों से मिल रहे अपार प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूंज। यहां के मतदाता जिस तरह से मुझसे मिल रहे हैं. उससे ऐसा लगता है जैसे कि एक बेटी अपने घर आई हो। मैं धन्य हूंज। यह (सारण) मेरे पिता की 'कर्मभूमि' रही है और अब यह मेरी कर्मभूमि होने जा रही है।'

सारण में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। सारण से रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारने के राजद के फैसले पर टिप्पणी करते हुए बिहार भाजपा अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना में संवाददाताओं से कहा, 'अपने परिवार के सदस्यों को चुनावी राजनीति में उतारना राजद प्रमुख लालू प्रसाद की पहचान रही है।...इसे कहते हैं 'वंशवादी राजनीति'। वह (लालू) अब तक अपने दो बेटों और दो बेटियों



को राजनीति में ला चुके हैं...अब देखते हैं कि उनकी बाकी पांच बेटियां, जो हमारी बहनें हैं, उन्हें कब राजनीति में लाते हैं।''

खास खबर

## हम कभी हार नहीं मानते, राजस्थान के खिलाफ मैच के बाद बोले हार्दिक पांड्या

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि पूर्व चैम्पियन टीम हार नहीं मानेगी और हार की हैट्रिक के बावजूद मौजूदा



आईपीएल में संघर्ष जारी रहेगा। हार्दिक ने एक्स पर पोस्ट किया, 'इस टीम के बारे में आपको एक बात पता होनी चाहिए। हम हार नहीं मानते। हम संघर्ष जारी रखेंगे। हौसला बना रहेगा। रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाए जाने के बाद से हार्दिक को प्रशंसकों का आक्रोश झेलना पड़ रहा है। पहले दो मैचों में दर्शकों ने उनकी हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई के इस सत्र के पहले मैच में भी उन्हें इसका सामना करना पड़ा। कप्तान के तौर पर हार्दिक के कुछ फैसलों की भी आलोचना हुई है। मसलन जसप्रीत बुमराह को नई गेंद नहीं सौंपना या खुद टिम डेविड के बाद बल्लेबाजी के लिये उतरना।

गौर हो कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुए मुकाबले के दौरान मुंबई पहले खेलते हुए महज 125 रन ही बना पाई थी। जवाब में खेलने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने 39 गेंदों पर 54 रन बनाकर अपनी टीम को 15.3 ओवर में ही जीत दिला दी। राजस्थान के लिए यह सीजन की तीसरी जीत थी और वह इसी के साथ अंक तालिका में पहले नंबर पर आ गई है। वहीं, मुंबई इंडियंस अभी भी जीत के लिए तरस रही हैं। उन्होंने गुजरात, हैदराबाद और अब राजस्थान के खिलाफ खेले गए मुकाबले गंवाए हैं।

## बीसीसीआई ने अचानक बुलाई फेंचाइजी मालिकों की बैठक, इस मुद्दे पर हो सकता है अहम फैसला



नईदिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2024 का सीजन शुरू हो चुका है और अबतक 13 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इस बीच, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस टूर्नामेंट में शामिल सभी 10 फ्रेंचाइजी के मालिकों की बैठक बुलाई है। यह बैठक 16 अप्रैल को अहमदाबाद में होगी। इस दिन अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस का मुकाबला खेला जाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बैठक के लिए सभी 10 टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में अनुमान है कि टीम मालिकों के साथ उनके सीईओ और ऑपरेशनल टीमें भी बैठक में आ सकती हैं, लेकिन यह मीटिंग कथित तौर पर सिर्फ मालिकों के लिए ही नामित की गई है। इस महत्वपूर्ण बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और आईपीएल चेयरमैन अरुण सिंह धूमल भी शामिल होंगे। इस बैठक के लिए निमंत्रण आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन द्वारा भेजा गया है। इस बैठक के दौरान मुख्य बिंदु रिटेंशन पर होगा, जिसमें टीमों के खिलाड़ियों को लेकर चर्चा होगी। इसके साथ ही सैलरी कैप को लेकर भी चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि बीसीसीआई अगले साल होने वाली मेगा नीलामी से पहले नीतियों को लेकर अहम फैसले ले सकती है और कई मुख्य चिंताओं को दूर कर सकती है। इस बैठक के दौरान बीसीसीआई को आईपीएल को किस तरह आगे बढ़ाना है इस पर चर्चा करने की उम्मीद है।

इंग्लैंड को बड़ा झटका

# टी 20 वर्ल्ड कप में नहीं दिखेंगे बेन स्टोक्स



लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स आगामी टी20 विश्व कप से यह कहते हुए हट गए हैं कि इस 'बलिदान' से उन्हें पूरी ताकत से गेंदबाजी करने के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। साथ ही वह निकट भविष्य में वह ऑलराउंडर बन पाएंगे जो बनना चाहते हैं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है।

### गेंदबाजी फिटनेस के लिए दिया आईपीएल और वर्ल्ड कप का बलिदान

ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा, 'मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे कि क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं।' उन्होंने कहा, 'आईपीएल और विश्व कप से बाहर रहना उम्मीद है कि वह बलिदान होगा जिससे मुझे वह ऑलराउंडर बनने में मदद मिलेगी जो मैं निकट भविष्य में बनना चाहता हूं।' स्टोक्स भारत के टेस्ट दौरे पर इंग्लैंड के कप्तान थे जहां उनकी टीम को 1-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान उन्होंने महसूस किया कि गेंदबाजी के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं थे। स्टोक्स ने कहा, 'हाल ही में भारत के टेस्ट दौरे से पता चला कि घुटने की सर्जरी और नौ महीने बिना गेंदबाजी के रहने के बाद मैं गेंदबाजी के नजरिए से कितना पीछे था।' उन्होंने कहा, 'मैं हमारे गर्मियों के टेस्ट सत्र की शुरुआत से पहले काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए खेलने के लिए उत्सुक हूं। मैं जोस (बटलर), मोट्टी (मैथ्यू मॉट) और पूरी टीम को अपना खिताब बचाने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप का पिछला टूर्नामेंट जीतने वाला इंग्लैंड कैरेबिया में खिताब का बचाव करेगा। पिछले टी20 विश्व कप फाइनल में स्टोक्स ने एमसीजी में पाकिस्तान पर पांच विकेट की जीत के दौरान फाइनल में विजयी रन बनाए थे।

# टी-20 वर्ल्ड कप में भी हार्दिक बनने वाले थे कप्तान?

### आखिर रोहित ने ऐसी क्या गलती की थी कि मुंबई ने कप्तानी से हटाः नवजोत सिंह सिद्धू





मुंबई (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस में कप्तानी को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने उन करोड़ों फैंस को मुश्किल सवाल का जवाब दे दिया। सिद्धू ने बताया कि आखिर क्यों मुंबई ने बिना किसी गलती के रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया है।

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस की टीम ने अपने नए कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में मैदान पर उतरी है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर जब से हार्दिक पंड्या का नाम सामने आया वह सुर्खियों में हैं। रोहित शर्मा की जगह लेने वाले हार्दिक से ना सिर्फ फैंस परेशान हैं बल्कि कई पूर्व क्रिकेटर भी हैरान हैं।

### क्या मुंबई इंडियंस से भूल हो गई है?

हार्दिक पंड्या को मुंबई की कप्तानी सौंपने को लेकर यह कहा जा रहा है कि फ्रेंचाइजी से भूल हो गई है। कुछ अफवाहें ये भी थी कि हार्दिक टीम इंडिया के लिए टी20 में कप्तानी करेंगे। चोटिल होने से पहले वह ऐसा कर भी कर रहे थे। इस बात की भी पूरी संभावना थी कि इसी साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप में हार्दिक टीम इंडिया के कप्तान होंगे। आईसीसी के पोस्टर में हार्दिक पंड्या की फोटो छप गई। लेकिन बीसीसीआई के सेक्रेटरी जय शाह ने ये कन्फर्म किया है कि रोहित ही भारत के कप्तान रहेंगे और इस साल होने वाले बड़े टूर्नामेंट में भी टीम की अगुवाई करेंगे।

# आज कैसा होगा दिल्ली-केकेआर मैच का रोमांच

### बॉलिंग में मचेगा धूम-धड़ाका या बैटिंग में आएगा तूफान



विशाखापट्टनम (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 16वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। आईपीएल के 17 वें सीजन की यह भिड़ंत डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी विशाखापट्टनम क्रिकेट स्टेडियम में होगा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस मैदान पर अपना दूसरा मुकाबला खेलने वाली है। इस सीजन की पहली जीत दिल्ली को विशाखापट्टनम में ही चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली थी। ऐसे में केकेआर के खिलाफ भी ऋषभ पंत की अगुवाई में दिल्ली की टीम अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। हालांकि, उसके लिए यह बिल्कुल भी आसान नहीं होने वाला है। केकेआर की टीम इस सीजन में अपने दोनों मैच जीतकर दिल्ली टक्कर देने वाली है। ऐसे में आइए जानते हैं कैसी होगी दिल्ली और केकेआर के बीच मुकाबले के लिए पिच। विशाखापट्टनम के मैदान पिच से बल्लेबाजों को खूब मदद मिलती है। अच्छी उछाल के कारण गेंद और बैट संपर्क बहुत अच्छा होता है। ऐसे में उम्मीद है कि मुकाबला हाई स्कोरिंग होगा। हालांकि गेंदबाज भी इस पिच से मदद हासिल कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए उसे यॉर्कर और बाउंसर का सही इस्तेमाल करना होगा। इसके अलावा पाटा पिच होने के कारण स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजों को खुलकर खेलने की आजादी मिल जाती है। ऐसे में दिल्ली और केकेआर के बीच मुकाबले में खूब चौके और छक्के देखने को मिल सकते हैं। वहीं बात करें टॉस की तो इस पिच पर इसका कोई खास असर नहीं है। इस मैदान पर अब तक कुल 14 टी20 मुकाबले खेले गए हैं जिनमें से 7 बार पहले बैटिंग करने वाली टीम ने जीत हासिल की है और 7 बार दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम को सफलता मिली है। ऐसे में इस मैदान पर किसी भी स्कोर को सुरक्षित नहीं माना जा सकता है।

### इस सीजन में खेला गया है एक मैच

विशाखापट्टनम के इस मैदान पर इस सीजन में अभी सिर्फ एक ही मैच खेला गया है। यह मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच था। मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 191 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद दूसरी पारी में सीएसके की टीम ने 171 रन ही बना सकी। इस तरह दिल्ली और सीएसके के बीच मुकाबले में कुल 362 रन बने थे। ऐसा ही कुछ दिल्ली-केकेआर के बीच मैच में भी देखने को मिल सकता है।

## रियान पराग मुझे युवा सूर्यकुमार की याद दिलाता है : राजस्थान रॉयल्स के कोच



मुंबई (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के सहायक कोच शेन बांड ने फॉर्म में चल रहे रियान पराग को काफी प्रतिभाशाली बताते हुए उनकी तुलना एक दशक पहले मुंबई इंडियंस से जुड़े सूर्यकुमार यादव से की है जो कालांतर में दुनिया के सबसे आक्रामक टी20 बल्लेबाजों में से एक बने। 22 बरस के पराग ने घरेलू क्रिकेट का फॉर्म आईपीएल में भी जारी रखते हुए दो अर्धशतक जमाए हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार को छह विकेट से मिली जीत में 39 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी खेली।

बांड ने कहा, 'पराग मुझे सूर्यकुमार यादव की याद दिलाता है जो कई साल पहले मुंबई इंडियंस से जुड़ा था। वह अपार प्रतिभाशाली है और बतौर क्रिकेटर परिपक्व भी हो रहा है। उन्होंने कहा, 'उसने घरेलू सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने बहुत कम उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता। आईपीएल में आम तौर पर फिनिशर की भूमिका काफी अनुभवी खिलाड़ी निभाते हैं। रॉयल्स में उसमें जो निवेश किया है, उसका फल मिलने लगा है।

उन्होंने यह भी कहा कि निस्वार्थ प्रदर्शन करने वाले युजवेंद्र चहल अगर इसी तरह से खेलते रहे तो भारतीय टीम में वापसी कर सकते हैं। चहल ने चार ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिए। बांड ने कहा, 'प्रतिस्पर्धा कड़ी है और सबसे बड़ी चुनौती यह है कि गेंदबाज को यह भुलाकर गेंदबाजी करना है कि विश्व कप होने वाला है और उसे टीम में जगह बनाने के लिये दावा बुलंद करना है।

# 'आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं...'

### युवराज-रैना ने 2011 विश्व कप जीत की यादें ताजा कीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय मध्यक्रम के पूर्व मुख्य बल्लेबाज सुरेश रैना और युवराज सिंह ने 2011 में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज ऐतिहासिक जीत को याद करते हुए युवराज सिंह और सुरेश रैना ने कहा कि आज भी ऐतिहासिक खिताबी जीत के बारे में सोचकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। भारत ने आज ही के दिन 2011 में मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका को हराकर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था।

युवराज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर टूर्नामेंट में अपने और भारतीय टीम के कुछ बेहतरीन पलों वाला एक वीडियो साझा किया। युवराज ने एक्स पर पोस्ट किया, 'इस एहसास को वर्ल्ड कप 2011 फिर से महसूस कर रहा हूं।'

रैना ने भी एक्स पर ट्वीट किया, अभी भी 2011 के उस ऐतिहासिक क्षण के बारे में सोचकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं जब हमने एक अद्भुत टीम के साथ विश्व कप जीता था। 2011विश्वकप टीम इंडिया।

युवराज प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे, उन्होंने बेजोड़ हरफनमौला प्रदर्शन किया था। नौ मैचों में उन्होंने आठ पारियों में 90.5 की औसत और 86 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 362 रन बनाए। उन्होंने 113 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ एक शतक और चार अर्द्धशतक बनाए। वह आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। यह ऑलराउंडर चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में भी रहा और 25.13 की औसत से 15 विकेट लिए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/31 का रहा।

भारतीय मध्यक्रम के अहम सदस्य रैना को टीम संयोजन के कारण चार मैचों में खेलने का मौका मिला। उन्होंने तीन पारियों में 74.00 की औसत से 74 रन बनाए। हालांकि उन्होंने अंतिम लीग मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ चार रन बनाकर शुरुआत की, रैना ने तब अच्छा प्रदर्शन किया जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था। क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 28 गेंदों में 34* रन बनाए जिससे भारत को 261 रनों का पीछा करने में मदद मिली और गत चैंपियन को हराया। फिर सेमीफाइनल में उन्होंने 39 गेंदों में 36* रन की बहुमूल्य पारी खेली, जिससे भारत को सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 260/9 के मैच जीतने वाले कुल तक पहुंचने में मदद मिली। उन्होंने एक विकेट भी लिया।

खिताबी मुकाबले की बात करें तो श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और महेला जयवर्धने (113) के नाबाद शतक, कप्तान कुमार संगकारा (48), तिलकरत्ने दिलशान (48) और थिसारा परेरा (22*) की पारियों की बदौलत 274/6 पर पहुंच गया। जहीर खान (2/60) और युवराज सिंह (2/49) भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। रन चेज में सलामी बल्लेबाजों वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर के जल्दी आउट होने के बाद गौतम गंभीर (97), विराट कोहली (35), एमएस धोनी (91*) और युवराज सिंह (21*) की पारियों ने भारत को 6 विकेट से खिताबी जीत दिलाने में मदद की।

# हार्दिक पांड्या की सपोर्ट में आईं पूनम पांडे, बेइज्जती करने वालों से पूछ लिया सवाल





मुंबई (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस की टीम इस सीज़न में अब तक अपने जीत का खाता नहीं खोल पाई है। यहाँ तक कि उन्हें अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में भी हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस की टीम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी अच्छी खास परफॉर्मेंस नहीं दिखाई और अपने बल्लेबाजों ने फैंस को मायूस कर दिया।

**राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई को दी करारी धोबी पछाड़** – राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर सिर्फ 125 रन ही बना सकी। इस लक्ष्य को हासिल करने में राजस्थान रॉयल्स ने सिर्फ 4 विकेट खोकर आसानी से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही राजस्थान रॉयल्स ने प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर अपनी जगह बना ली।

**हार्दिक पंड्या के खिलाफ ट्रोलिंग** – हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान चुने जाने के बाद से ही फैंस खुश नजर नहीं आ रहे थे। उन्हें लगातार ट्रोलर्स के निशाने पर भी रहना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर हार्दिक पंड्या को लेकर कई तरह के मीम्स बनाए जा रहे हैं।

**मांजरेकर का नाराज़ होना** – मैच से पहले टॉस के दौरान ही हार्दिक पंड्या को लेकर वहां मौजूद दर्शकों ने उनके खिलाफ खिल्ली उड़ानी शुरू कर दी। संजय मांजरेकर ने जैसे ही मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का नाम लिया, फैंस उन्हें 'बू' करने लगे। जिसके बाद मांजरेकर नाराज़ हो गए और उन्होंने माइक पर चिल्ला कर कहा, 'बिहेव।' यह पहली बार देखने को मिला है कि किसी होम टीम के कप्तान के साथ फैंस का व्यवहार ऐसा रहा है।

**पूनम पांडे ने उठाए सवाल** – मॉडल पूनम पांडे ने भी हार्दिक पंड्या की बेइज्जती पर अपनी राय रखी। मुंबई और राजस्थान मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद रहने के बावजूद पूनम पांडे ने ट्विटर पर अपनी दुखद भावना जाहिर की। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा कि वानखेड़े में मुंबई और राजस्थान मैच के दौरान उन्हें जो दशकों से छपरी सुनने को मिल रहा है, उससे उन्हें काफी हैरानी हुई। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा किसे कहा जा रहा था, लेकिन दरअसल फैंस के निशाने पर हार्दिक पंड्या थे। जिस तरह राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को एक बार फिर से हराकर उनकी जीत के सफर को और भी कठिन बना दिया है। जबकि हार्दिक पंड्या को उनके नेतृत्व में टीम को बचाने के लिए अपनी प्रयासों को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

## दिनेश चांदीमल ने बीच में छोड़ा दूसरा टेस्ट, पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौटे

चटगांव (एजेंसी)। पारिवारिक चिकित्सीय आपतस्थिति के कारण श्रीलंका के बल्लेबाज दिनेश चांदीमल को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन स्वदेश लौटना पड़ा है। मैच के तीसरे दिन चांदीमल आउट हो गए थे। ऐसे में श्रीलंकाई टीम उनकी जगह पर किसी स्थानपन्न क्षेत्ररक्षक के साथ मैदान में उतरेगी।

चांदीमल ने पहली पारी में अर्धशतक बनाया था वहीं दूसरी पारी में नौ रन पर आउट हो गए थे। श्रीलंका क्रिकेट ने अपने बयान में कहा, 'वह तत्काल प्रभाव से घर लौटेंगे। इस मुश्किल घड़ी में श्रीलंका क्रिकेट, टीम के तमाम खिलाड़ी और स्पोर्टिंग स्टाफ सभी चांदीमल के साथ खड़े हैं। हम लोगों से उनके परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह करते हैं।

मैच के चौथे दिन श्रीलंका ने सात विकेट पर 157 रन पर पारी घोषित कर दी है। और पहली पारी के आधार पर श्रीलंका की कुल बढत 510 हो गई है। बांग्लादेश को यह टेस्ट मैच जीतने के लिए 511 रन बनाने है। बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में चौथे दिन 83 रन पर दो विकेट गवां कर संघर्ष कर रही है। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में श्रीलंका इस समय 1-0 से आगे है।

# इंटरव्यू में क्या पहनकर जाएं

ब्यूटी पहला इंप्रेशन होती है। आपके कपड़े और लुक्स एम्प्लॉयर पर पहला असर छोड़ते हैं। इसलिए आपको इंटरव्यू पर जाते समय सोच समझ कर कपड़े पहनने चाहिए। इंटरव्यू के लिए कपड़े चुनते वक्त ध्यान रखें कि आपको क्या पहनना सही रहेगा। कपड़े फॉर्मल होने चाहिए और डिजाइन और रंग पर भी ध्यान दें। सबसे जरूरी बात है कि इंटरव्यू में क्या बिल्कुल पहनकर नहीं जाना चाहिए, इस बारे में पता हो।



कई सारी कंपनियों में इंटरव्यू इनफॉर्मल सेटिंग में होता है। लोग कैजुअल कपड़ों में जॉब इंटरव्यू के लिए पहुंच जाते हैं। लेकिन इससे इंटरव्यू के दौरान गलत प्रभाव पड़ता सकता है। बहुत ज्यादा कैजुअल कपड़े पहनकर जॉब इंटरव्यू के लिए न जाएं। इसमें रिप्ड जींस, टैंक टॉप, फ्लिप फ्लॉप, स्नीकर्स और ड्रेस पहनकर इंटरव्यू में नहीं जाना चाहिए। इंटरव्यू में ओवरड्रेस होकर भी न जाएं।

जॉब इंटरव्यू के लिए असहज कपड़े या फुटवियर न पहनें। अक्सर महिलाएं साड़ी या ड्रेस के साथ हील्स पहन लेती हैं लेकिन ज्यादा देर इसे कैरी नहीं कर पाती। हाई हील्स से उन्हें दर्द होने लगता है और यह उनके चेहरे पर दिखने भी लगता है। इसलिए ऐसे कपड़े या एक्सेसरीज को कैरी न करें जो आपको असहज बना दे। बहुत ज्यादा टाइट या लूज कपड़े भी नहीं पहनने चाहिए।

गर्मी के दिन हैं। बाहर निकलते समय आप डियो या परफ्यूम का इस्तेमाल करते हैं। अच्छी खुशबू आपके साथ ही आसपास के लोगों को भी पसंद आती है लेकिन इंटरव्यू में कभी भी ऐसा परफ्यूम लगाकर न जाए जिसकी खुशबू बहुत ज्यादा तेज हो और उससे किसी को असहज महसूस हो। हो सकता है कि किसी को तेज परफ्यूम की खुशबू से एलर्जी हो। इसलिए हल्की खुशबू वाले परफ्यूम इस्तेमाल में लाएं।

जॉब इंटरव्यू पूरी तरह से एक प्रोफेशनल मीट होती है। जिसमें आपको ऐसे कपड़े नहीं पहनने चाहिए जो अधिक रिवीलिंग और ब्राइट हों। अपनी ड्रेस की नेकलाइन, हेमलाइन का ध्यान रखें। शिमरी, पार्टी वियर, लो कट ड्रेस इंटरव्यू के लिए बिल्कुल सही कपड़े नहीं हैं।



# आंखों की सुंदरता ऐसे बढ़ाएं

महिलाएं और लड़कियां अपनी आखों में काजल, आई लाइनर से हाईलाइट करना नहीं भूलतीं। लेकिन आजकल आंखों के आसपास कई समस्याएं हो जाती हैं। जो सुंदरता में दाग लगाने का काम करती हैं। आंखों के पास झुर्रियां, ड्राई स्किन, डार्क सर्कल और पफीनेस आदि जैसी कई समस्याएं होती हैं। जिससे निजात पाने के लिए कई तरह के उपाय आजमाए जाते हैं। इन दिनों लोगों में डार्क सर्कल की समस्या अधिक देखने को मिलती है।

कई बॉलीवुड एक्ट्रेस भी इस समस्या से परेशान रहती है। इससे निजात पाने के लिए एक्ट्रेस आई क्रीम और ब्यूटी ट्रीटमेंट का सहारा लेती हैं। लेकिन इसके बाद भी यह समस्या पूरी तरह से पीछा नहीं छोड़ती है। ऐसे में डार्क सर्कल आदि को छिपाने के लिए मेकअप का सहारा लिया जाता है। साथ ही मेकअप की मदद से आखों को खूबसूरत लुक दिया जा सकता है। जिससे आपकी सुंदरता गई गुना बढ़ जाती है।

## इन बातों का रखें ध्यान

आई मेकअप करने के दौरान छोटी-छोटी सावधानियों को ध्यान में रखना जरूरी होता है। जिससे आपके डार्क सर्कल गायब हो जाएंगे। इसके अलावा आई मेकअप के दौरान कुछ अन्य बातों का भी ध्यान रखा जाता है। इन बातों को ध्यान में रखने से आपको परफेक्ट आई लुक मिलेगा।

## कई प्रकार के होते हैं डार्क सर्कल

एजिंग डार्क सर्कल्स
ब्लू या पर्पल डाक सर्कल
टेंपरेरी डार्क सर्कल्स
सनकेएन डार्क सर्कल्स
एलर्जी से होने वाले डार्क सर्कल
पिगमेंटेड डार्क सर्कल

## सही कंसीलर का करें इस्तेमाल

आखों के नीचे डार्क सर्कल को छिपाने के लिए सही कंसीलर का चुनाव करना जरूरी होता है। इसके लिए आपको कलर व्हील की कुछ बारीकियां समझनी होंगी। हालांकि कलर व्हील एक बेसिक थियरी है। लेकिन अगर आपको कलर की अच्छी समझ है तो कंसीलर चुनने के दौरान दिक्कत नहीं होगी। आपने देखा होगा कि कंसीलिंग पेलेट्स में मुख्य रंग होते हैं। कंसीलिंग पेलेट्स में येलो, ग्रीन, पर्पल, ऑरेंज, रेड, और ब्लू कलर होते हैं। अगर आपके पास भी ऐसा ही पेलेट्स है तो आप भी डार्क सर्कल्स के कलर के हिसाब से उनको कंसील कर सकते हैं।

डार्क सर्कल्स का रंग हल्का भूरा है तो येलो कलर से इसे कंसील कर सकते हैं। वहीं अगर आपके अगर डार्क सर्कल्स कुछ गहरे रंग यानि की जिसका टोन ब्लैकिश या ग्रीनिश हो तो इसको आप ऑरेंज कलर के कंसीलर से छिपा सकते हैं। इंडियन स्किन टोन में ज्यादातर येलो और ऑरेंज कंसीलर से डार्क सर्कल कंसील हो जाते हैं। लेकिन किसी कारण यदि अंडर आई एरिया पर रेड या पीच कलर का निशान हो तो इसे आप ग्रीन कलर के कंसीलर से कंसील कर अपनी आखों के डार्क सर्कल छिपा सकते हैं।



## ऐसे करें अप्लाई

कंसीलर अप्लाई करने के लिए आखों के नीचे का एरिया अच्छे से साफ कर लें। इसके बाद फिर स्किन टाइप के हिसाब से प्राइमर का चुनाव करें। प्राइमर लगाने के बाद डार्क सर्कल के कलर के अनुसार ही कंसीलर का चुनाव कर उसे अप्लाई करे। इसके बाद ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से कंसीलर को अच्छे से सेट कर लें। फिर स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन अप्लाई करें और इसे अच्छे से ब्लेंड कर लें। इसके बाद लूज पाउडर से बेस सेट कर लें। ऐसा करने से आपके डार्क सर्कल आसानी से छिप जाएंगे।

## ध्यान रखें

आई मेकअप कैसा भी हो, आखों के नीचे फैलने वाले काजल को लगाने से बचना चाहिए। ऐसा करने से आपका मेकअप खराब हो सकता है। काजल की जगह पर आप जेल लाइनर या वाटरप्रूफ लाइनर का प्रयोग करें।

# गर्मियों के लिए बेस्ट फ्लोरल आउटफिट

जिस हिसाब से मौसम बदलता है, उसी हिसाब से कपड़ों का ट्रेंड भी बदलता है। ऐसे में आप हम आपको एक ऐसे प्रिंट के बारे में बताने जा रहे हैं, जो गर्मियों में काफी प्यारा लगता है। जैसे कि फ्लोरल प्रिंट। इसे पहन कर आप स्टाइलिश तो दिखेंगी ही और साथ में काफी कंफर्टेबल भी रहेंगी। बड़ी बात ये है कि फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट काफी सस्ते आते हैं। इसे खरीदने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के फ्लोरल आउटफिट दिखाने जा रहे हैं, जो देखने में काफी खूबसूरत हैं और इन्हें कैरी करना भी बेहद आसान है।



**सारा के जैसा शरारा-** आज-कल शरारा सूट काफी ट्रेंड में भी है। ऐसे में आप भी फ्लोरल प्रिंट का शरारा बाजार से खरीद सकती हैं। गर्मियों के हिसाब से ये एक परफेक्ट आउटफिट है।

**कृति जैसी फ्लोरल ड्रेस-** अगर आप किसी दिन की पार्टी में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो फ्लोरल प्रिंट की ऐसी ड्रेस एक बेहतर ऑप्शन है। इसके साथ हेयर स्टाइल का खास ध्यान रखें।

**फ्लोरल प्रिंट का अनारकली-** सारा अली खान का ये फ्लोरल अनारकली लुक सभी के लड़कियों के लिए एक बेहतर आउटफिट है। इसे आप अपने घर के नॉर्मल कार्यक्रमों में पहन सकती हैं।

**जान्हवी जैसी फ्लोरल स्लिट ड्रेस-** अगर आप कहीं बाहर घूमने जा रहीं हैं तो फ्लोरल प्रिंट की ऐसी स्लिट ड्रेस आपके लिए परफेक्ट है। ये देखने में काफी स्टाइलिश दिखती है।

# एथनिक आउटफिट में दिखें स्टाइलिश



धूप में गलत फैब्रिक और गलत रंग के कपड़े पहनेंगी तो गर्मी में परेशान हो जाएंगी। इस मौसम में लाइट रंगों के कपड़े पहनना काफी पसंद किए जाते हैं क्योंकि ये काफी आरामदायक होते हैं। ये परेशानी सबसे ज्यादा एथनिक वियर में सामने आती है, क्योंकि एथनिक वियर पहले से ही काफी हैवी होता है। यहां हम आपको कुछ ऐसे एथनिक आउटफिट्स के डिजाइनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको कैरी करके आप स्टाइलिश भी दिखेंगी और गर्मी में परेशान भी नहीं होंगी। दरअसल, कुछ एक्ट्रेस अपने एथनिक लुक्स से लोगों को काफी प्रभावित करती हैं। ऐसे में आप भी इनसे टिप्स लेकर खूबसूरत दिख सकती हैं।

## लहंगा साड़ी

अगर एथनिक वियर में खूबसूरत के साथ-साथ हॉट भी दिखना चाहती हैं तो सारा के जैसी येलो रंग की लहंगा साड़ी पहन सकती हैं। लाइट रंग होने की वजह से आप इसे पहन कर कंफर्टेबल भी रह सकती हैं।

## शरारा

गर्मियों के मौसम में आप इस तरह का ग्रीन रंग का शरारा सेट भी कैरी कर सकती हैं। इसे पहन कर आपको काफी आराम भी मिलेगा। हालांकि अदा खान के जैसा शरारा भी गर्मियों के लिए परफेक्ट एथनिक हो सकता है। ये देखने में भी काफी खूबसूरत दिखता है।

## व्हाइट साड़ी

इस तरह की व्हाइट रंग की साड़ी गर्मियों के लिए एक बेहतर ऑप्शन हो सकती है। इसके साथ आप सफेद रंग की चूड़ियों पहन सकती हैं।


## व्हाइट चिकनकारी

गर्मियों के हिसाब के व्हाइट कलर सबसे बेस्ट होता है। व्हाइट चिकनकारी लहंगा पहन कर आप खूबसूरत दिखेंगी।

# आइस क्यूब से मसाज के फायदे

क्या आपको पता है कि आइस क्यूब से आप अपनी स्किन का ख्याल भी रख सकते हैं। अमूमन हम अपनी स्किन की केयर करने के लिए तरह-तरह के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। जबकि अगर आप हर दिन सिर्फ एक या दो आइस क्यूब से अपनी स्किन की मसाज करें तो इससे आपकी कई स्किन प्रॉब्लम्स आसानी से सॉल्व हो सकती हैं।

बर्फ के सबसे अच्छे गुणों में से एक एंटी-इंफ्लेमेटरी है जो मुंहासों को कम करने और ठीक करने में मदद करता है। यह आपकी स्किन को शांत करता है और उसे सूदिंग इफेक्ट प्रदान करता है। साथ ही साथ, यह



अतिरिक्त सीबम उत्पादन को भी कम करता है, जिससे आपको बार-बार एक्ने की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

## मिलती है ग्लोइंग स्किन

हम सभी ग्लोइंग स्किन पाना चाहते हैं और आपकी इस ख्वाहिश को पूरा करने में भी बर्फ बेहद ही मददगार है। चेहरे पर बर्फ लगाने से आपकी स्किन में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और त्वचा में निखार आता है। यह स्किन में ऑक्सीजन के स्तर में भी सुधार करता है और आवश्यक पोषक तत्वों, विटामिनों की आपूर्ति करता है। इतना ही नहीं, बर्फ से मसाज करने से स्किन में स्किन केयर प्रोडक्ट बेहतर तरीके से अब्जॉर्ब होते हैं और इस लिहाज से स्किन कम समय में ही दमकने लगती है।

## नहीं रहेंगे डार्क सर्कल्स

आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आपकी पूरी खूबसूरती छीन लेते हैं। लेकिन अगर आप अंडर आई एरिया में बर्फ से मसाज करते हैं तो इससे आपको डार्क सर्कल्स की समस्या से भी निजात मिलती है। इसके लिए आप गुलाब जल में खीरे का रस मिलाएं और इसे फ्रीज करके आइस क्यूब बनाएं। इस आइस क्यूब से मसाज करें। नियमित रूप से ऐसा करने से आपको जल्द ही अपनी स्किन पर असर नजर आने लगेगा।

## स्किन बनती है यंगर

हममें से कोई भी अपनी स्किन पर एजिंग के साइन को नहीं देखना चाहता है। यूं तो हम अपनी बढ़ती उम्र को पलट नहीं सकते, लेकिन इसे नियंत्रित अवश्य किया जा सकता है। जब स्किन पर नियमित रूप से बर्फ के टुकड़े को रब किया जाता है तो इससे उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में मदद मिलती है। यह ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है और आपके स्किन पोर्स को कसने में मदद करता है।

# अलग-अलग फैब्रिक वाले कपड़े को प्रेस करने सही तरीका

यदि आपके पास अलग-अलग फैब्रिक के कपड़े हैं, तो आपको इसकी वॉशिंग से लेकर आयरिंग तक सारे सेफ्टी प्वाइंट पता होने चाहिए। खासतौर पर उस समय जब आपको बिना कपड़ों को प्रेस किए पहनने की आदत ना हो। हर समय कपड़ों को बाहर से प्रेस करा पाना मुश्किल होता है। इसलिए घर पर प्रेस करने से पहले यह पता होना जरूरी है कि किस तरह के कपड़ों पर कैसे इस्त्री करना चाहिए। वरना कपड़ों के प्रेस से जलना का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में हम आपको कॉटन समेत सिल्क जैसे फैब्रिक को प्रेस करने के आसान से ट्रिक बता रहे हैं।

## सूती कपड़े

सूती सॉफ्ट और कंफर्टेबल फैब्रिक होता है। इसलिए यह लगभग हर किसी के पास मिल जाता है। खासतौर यह फैब्रिक ऑफिस जाने वालों की पहली पसंद होती है।

सूती कपड़ों में बहुत जल्दी सिलवटे आ जाती है, इसलिए इसे हर बार पहनने से पहले प्रेस करना पड़ता है। लेकिन इस दौरान कपड़ा न जले इसके लिए जरूरी है, प्रेस से पहले कपड़े पर पानी का हल्का छिड़काव करना। साथ ही कपड़े पर आयरन को ज्यादा देर तक एक जगह पर न छोड़े।

## लेस की ड्रेस

लेस से बनी ड्रेस बहुत डेलीकेट होती है। यह सूती या धागे से बना होता है। हर लड़की की अलमारी में लेस की एक न एक ड्रेस होती ही है। ऐसे में यदि आप इसे प्रेस करना चाहते हैं, तो इसे समतल सतह पर बिछा दें। अब अखबार की एक शीट लें और उसके बीच में कपड़ा रखें। आयरन को मीडियम पर सेट करें और प्रेस करें। ऐसा करने से कपड़े के जलने का खतरा नहीं होता है।

## सिल्क के कपड़े

सिल्क के कपड़े को लोग आमतौर पर दुकानों पर ही प्रेस के लिए देते हैं। वजह है प्रेस से इसके जल जाने का डर। ऐसे में यह ये ट्रिक आपके लिए बहुत कारगर साबित हो सकता है।



सिल्क कपड़े को घर पर प्रेस कर रहे हैं, तो ड्रेस को उल्टा करके समतल जगह पर बिछा लें। अब प्रेस को सबसे कम टेंपरेचर पर सेट करके इसे जल्दी-जल्दी कपड़े पर फेरें। प्रेस को किसी भी जगह 5 सेकंड से ज्यादा न छोड़ें। यदि आपके पास टेंपरेचर कंट्रोल वाला प्रेस नहीं है, तो सिल्क को साफ टॉवेल या अखबार से ढक कर आयरन करें।

## लाइनेन कपड़े

यदि लाइनेन कपड़े को प्रेस के करना का प्लान कर रहे हैं, तो इसे जलने से बचाने के लिए इसपर पानी का छिड़काव करें। अब इसे उल्टा करके प्रेस को मीडियम पर सेट करके आयरन करें। इसे कपड़ा जल्दी प्रेस होगा साथ ही जलने का खतरा भी नहीं होगा।

## आसान ट्रिक

यदि आप कहीं जाने के लिए लेट हो रहे हैं, और जल्दी कपड़ा प्रेस करना है, तो यह टिप्स आपके बहुत काम आएगी। इसकी मदद से आप एक बार में कपड़े को दोनों साइड से प्रेस कर सकते हैं।

इसके लिए आपको बस एल्यूमिनियम फॉइल को कपड़े के नीचे रखना है। ऐसा करने से हीट नीचे स्टोर होता रहता है, और कपड़े का दूसरा साइड भी प्रेस हो जाता है।



# 'पुष्पा : द रूल' अल्लू अर्जुन के बर्थडे पर रिलीज किया जाएगा दमदार टीजर!

पुष्पा राज का जादू दोबारा सिल्वर स्क्रीन पर महसूस करने के लिए तैयार हो जाइए! मच अवेटेड सीक्वल, 'पुष्पा : द रूल', जिसमें नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्टर अल्लू अर्जुन ने अनोखा किरदार निभाया है, वह इस साल 15 अगस्त 2024 को दुनिया भर में सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज के साथ धूम मचाने के लिए तैयार है। इस शानदार पैन-इंडिया प्रोजेक्ट को मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा सुकुमार राइटिंग्स के साथ बनाया गया है, जो एक एंटरटेनमेंट भरी सिनेमाई अनुभव देने का वादा करता है। सुकुमार, जो एक विजनरी-फिल्म मेकर हैं, उन्होंने 'पुष्पा : द रूल' को एक एक्शन-पैक्ड फिल्म के रूप में बनाया है, जो ग्लोबल स्टेज पर तूफान लाइन के लिए तैयार है। बता दें कि मेकर्स इस मच अवेटेड फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं, ऐसे में दर्शकों के बीच इसे लेकर पैदा हुए उत्साह को और बढ़ाने के लिए मेकर्स इसके दमदार टीजर को इस 8 अप्रैल रिलीज करने के लिए तैयार हैं। यह दिन और भी खास इसलिए भी है, क्योंकि इसी दिन आइकॉनिक स्टार अल्लू अर्जुन का बर्थडे भी आता है।

# दीपिका बेबी बंप के साथ करेंगी रेड कॉर्पेट पर वॉक!




**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा जब कपल ने उनके जल्द ही पेरेंट्स बनने की खबर शेयर की। दीपिका-रणवीर सितंबर 2024 में अपना फर्स्ट बेबी एक्सपेक्ट कर रहे हैं और इस अनाउंसमेंट के बाद से दीपिका पादुकोण ने कोई नई फिल्म साइन नहीं की है। जहां तक उनकी फिल्म काल्की 2898 एडी का सवाल है, तो माना जा रहा है कि एक्ट्रेस उस फिल्म की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। अब दीपिका पादुकोण के बारे में एक ऐसी खबर सामने आई है जो फैंस के होश उड़ा देगी। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि 'बाजीराव मस्तानी' फेम एक्ट्रेस मेट् गाला 2024 में शिरकत करती नजर आ सकती हैं। यह इवेंट 6 मई 2024 को मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम में आयोजित किया जाएगा। दीपिका पादुकोण मेट् गाला 2017, 2018 और 2019 में भी पार्टिसिपेट कर चुकी हैं और अब खबर है कि लुईस व्यूटॉन को रिप्रिजेंट करते हुए दीपिका इस इवेंट में शिरकत करेंगी। अगर ऐसा हुआ तो फैंस पहली बार दीपिका पादुकोण को बेबी बंप के साथ स्पॉट करेंगे। दीपिका पादुकोण अब एक ग्लोबल एम्बैसडर हैं और भारत के साथ-साथ अन्य कई देशों की नजरें भी उन पर होंगी। पिछले कुछ वक्त में फैंस उन्हें फीफा वर्ल्ड कप 2022 की ओपनिंग सेरिमनी के साथ-साथ ऑस्कर 2023 के अनाउंसमेंट इवेंट में भी देख चुके हैं। डायट सब्या ने भी बताया है कि एक्ट्रेस की टीम ने एक फैन को कन्फर्म किया है कि मेट गाला 2024 में वो दीपिका पादुकोण को देख पाएंगे। बता दें कि दीपिका पादुकोण को प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट के बाद से अभी तक कहीं भी देखा नहीं गया है। दीपिका पादुकोण के मेट गाला में होने की चर्चा सोशल मीडिया पर शुरू हो चुकी है और एक यूजर ने रेडिट पर लिखा- उम्मीद करूंगी कि वो थीम के मुताबिक तैयार हों। उनके स्टाइलिस्ट में उन्हें मेट गाला के मुताबिक तैयार करने की क्षमता है और वो उन्हें थीम के मुताबिक सबसे अच्छी तरह तैयार कर सकते हैं। वहीं दूसरे ने लिखा- मुझे बड़ी बेसब्री से उस पल का इंतजार है। वो प्रेग्नेंसी ग्लो में कमाल की लगेगी।

# शादी के चंद दिनों में सुरभि को पति से ये शिकायतें

टीवी शो इश्कबाज से घर-घर पहचान बनाने वाली सुरभि चंदना ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड करण शर्मा के साथ दो मार्च को जयपुर में डेस्टिनेशन वेडिंग की थी।शादी के हर एक फंक्शन की झलक एक्ट्रेस ने फैंस के साथ शेयर की हैं।हाल ही में शादी के बाद सुरभि ने इंटरव्यू में खुलासा किया कि उन्हें अपने पति से कई शिकायतें है। न्यूली वेड कपल सुरभि चंदना और करण शर्मा ने इंटरव्यू के दौरान अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में एक दिलचस्प बात का खुलासा किया।जब सुरभि से उस शब्द के बारे में पूछा गया जिसे करण अक्सर उनके लिए इस्तेमाल करते हैं तो उन्होंने जवाब दिया, 'एंगू, करण मुझे एंगू कहते हैं.' इस शब्द के बारे में विस्तार से बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा, 'इस नाम का मतलब वैसे एंजेल है, लेकिन करण ने इसे थोड़ा हिंदी ट्विस्ट देकर इसे एंगू बना दिया है.' इसके बाद, करण ने सुरभि से कहा कि जब वे लड़ते हैं तो वह उसी शब्द का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा, 'जब रोमांस होता है तो ये बहुत अच्छा लगता है।लेकिन लड़ाई के समय वह उसी शब्द को बोलता है.' इसके बाद सुरभि करण की बातों की नकल करती हैं। सुरभि ने आगे अपने पति करण से बात करते समय अपने नाम का यूज नहीं करने का जिक्र किया।उन्होंने कहा, 'वास्तव में उन्होंने कभी भी मुझे मेरे नाम से नहीं बुलाया।काफी लंबे समय से, वह मुझसे बात करते समय सिर्फ 'आप' कहते थे.' सुरभि ने ये भी बताया कि उन्होंने कहा था कि वह उन्हें इस तरह बोलना बंद करें.' जब करण शर्मा से उसी सवाल का जवाब देने के लिए कहा गया कि सुरभि किस शब्द का सबसे ज्यादा यूज करती है, तो उन्होंने सीधे उन शब्दों का बोलने से इनकार कर दिया।






# अजय देवगन के जन्मदिन पर फैंस को मिला सरप्राइज़!

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन दो अप्रेल को अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनके प्रशंसक और चाहने वाले उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी बधाईयां दे रहे हैं। इसी बीच 'सिंघम' एक्टर ने भी अपने फैंस को सरप्राइज़ दिया है। अजय देवगन के बर्थडे के खास मौके पर मेकर्स ने उनकी मोस्ट अवेटेड स्पोर्ट्स-ड्रामा फिल्म 'मैदान' का एक और दमदार ट्रेलर मंगलवार क रिलीज कर दिया है जिसे देख फैंस के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट दोगुनी हो गई है। मेकर्स ने पिछले महीने अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' का ट्रेलर जारी किया था, जिसे दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है। फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। इसी बीच मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म का फाइनल ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर की शुरुआत में एक्ट्रेस प्रियामणि और अजय देवगन की झलक देखने को मिलती है। फिल्म में भारतीय फुटबॉल टीम के सुनहरे दौर की कहानी को दिखाया जाएगा। 2 मिनट 6 सेकेंड के इस ट्रेलर वीडियो की शुरुआत में प्रियामणि अजय देगन से कहती दिखती हैं- 'वैसे पूरे इंडिया में किसी को नहीं लगता कि हम कभी जीतेंगे, पर आपको लगता है। ये सुनकर अजय हामी भरते हुए गर्दन हिलाते हैं और प्रियामणि कहती हैं कब? इसके बाद ट्रेलर में मैदान में फुटबॉल खिलाड़ियो के साथ अजय देवगन की झलक देखने को मिलती है। फिल्म में अजय देवगन के रास्तों में काफी चुनौतियां आती हैं लेकिन वह फुटबॉल खेल को नई पहचान दिलाने के की कोशिशों में लगे रहते हैं। इसके लिए वह देश के कोने-कोने से प्लेयर्स को ढूंढकर लाते है और उन्हें टीम में भर्ती करते हैं। फिल्म में अजय खुद फुटबॉल कोच की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो इन खिलाड़ियों को हर पोज़िशन में खिलाने की ट्रेनिंग देते हैं और विश्वभर में भारत देश का नाम रोशन करने जद्दोजहद करते दिखते हैं।

# 15 रुपये की साड़ी' पहने नजर आईं अदा

बॉलीवुड हसीनाओं के आउटफिट अक्सर लोगों का ध्यान खींच लेते हैं। एक्ट्रेसेस के कपड़ें कभी छोटे होने ही वजह से सुर्खियां बटोरते हैं तो कभी उनकी आसमान छू लेने वाली कीमत उनके लाइमलाइट में आने का कारण बनती है। ऐसे में अब बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस अदा शर्मा ने भी कुछ ऐसा पहन लिया है जिसके बाद हर तरफ उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं। वैसे इस बार उनके कपड़े रिवीलिंग होने की वजह से चर्चा में नहीं हैं बल्कि उनकी कीमत फैंस को चौंकाने का काम कर रही है। कहानी में ट्विस्ट ये है कि अदा शर्मा की लेटेस्ट ड्रेस कितनी महंगी है ये लोगों को नहीं चौंका रहा बल्कि लोग तो इसकी कीमत सुन ये सोचकर हैरान हैं कि इतनी सस्ती साड़ी उन्हें मिली तो मिली कहां से। दरअसल, हाल ही में अदा शर्मा को एक खूबसूरत साड़ी पहने घुमते हुए पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान एक्ट्रेस एक कलरफुल साड़ी में बेहद प्रीटी लग रही थीं। जब वो जा रही थीं तो पैपराजी ने उनसे सवाल कर लिया कि ये कितने की है। इस सवाल पर एक्ट्रेस ने हंसते हुए जवाब दिया 15 रुपये की। ये सुनकर सभी हैरान रह गए तभी उन्होंने दोबारा बताया कि उनकी ये साड़ी बस पंद्रह रुपये की है। इतनी सस्ती साड़ी उन्हें कहां से मिली एक्ट्रेस ने ये भी रिवील किया है। उनका पूरा वीडियो देखने के बाद आप भी इमोशनल हो जाएंगे क्योंकि उनकी इस साड़ी के पीछे की कहानी दिल छू लेने वाली है। दरअसल, ये साड़ी जो उन्होंने पहनी है वो उनकी नानी की है। उस जमाने में उनकी नानी ने इसे पंद्रह रुपए में खरीदा था। अब भले ही इस साड़ी की कीमत कम है लेकिन ये एक्ट्रेस के लिए बेहद कीमती है। एक्ट्रेस ने इस दौरान ये भी कहा है 'नानी नहीं है लेकिन उनकी साड़ी है।' अब उनका ये वीडियो देख फैंस भी भावुक हो गए हैं।



# करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन की फिल्म 50 करोड़ के करीब पहुंची



**करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सैनन की मुख्य भूमिकाओं वाली क्रू ने पांचवें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अजेय कमाई की है। भारत में 3.5 करोड़ रुपये की कमाई हुई, नाटकीय रिलीज के पांच दिनों के बाद कुल कलेक्शन 37.20 करोड़ रुपये हो गया।**

फिल्म की कहानी तीन समर्पित दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है जो कोहिनूर एयरलाइंस के लिए केबिन क्रू सदस्य के रूप में काम करते हैं। उसकी सीधी-सादी जिंदगी में एक मोड़ आता है जब वह खुद को एक शख्स की साजिश में फंसती हुई पाती है। बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क के बैनर तले निर्मित क्रू में न केवल तीन मुख्य अभिनेत्रियाँ हैं बल्कि इसके स्टार कास्ट में दिलजीत दोसांझ, कपिल शर्मा, सास्वता चटर्जी, राजेश शर्मा और कुलभूषण खरबंदा भी शामिल हैं।

करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सैनन की मुख्य भूमिकाओं वाली क्रू ने पांचवें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अजेय कमाई की है। भारत में 3.5 करोड़ रुपये की कमाई हुई, नाटकीय रिलीज के पांच दिनों के बाद कुल कलेक्शन 37.20 करोड़ रुपये हो गया। गैर-छुट्टियों वाले सप्ताह के दिनों के लिए ये संख्या अच्छी मानी जा सकती है, क्योंकि क्रू को सिनेमाघरों में मडगांव एक्सप्रेस और शैतान सहित कई अन्य फिल्मों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

कथित तौर पर फिल्म का बजट, उत्पादन लागत और विज्ञापन खर्चों को मिलाकर, लगभग 60 करोड़ है। गुड फ्राइडे की छुट्टी से फिल्म का बिजनेस बढ़ा। खासकर मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे शहरों में जिसने पहले दिन की कमाई में बड़ा योगदान दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, द क्रू 2000 थिएटर्स में रिलीज हुई है। इसका प्रीमियर 75 से अधिक देशों में 1100 से अधिक स्थानों पर हुआ।

**-फीचर डेस्क**




# इंडी गठबंधन यानी भ्रष्टाचारियों की बारात : नितिन अग्रवाल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग के मंत्री मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि हम सभी ने कुछ दिन पहले रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के भाईचारे का डेली सोप देखा। यह भ्रष्टाचारी किस घमंड से अपने भ्रष्टाचार को जस्टिफाई कर रहे हैं किसी को नहीं पता। वे सेक्टर-29 नोएडा मीडिया क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधिस कर रहे थे।



यह घोटालेबाजों की बारात है जहां सब देश को लूटना चाहते हैं और ये भी चाहते हैं कि उनके भ्रष्टाचार पर चर्चा भी ना हो। आज आम आदमी पार्टी कहती है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के समर्थन में रैली हो रही है वहीं कांग्रेस कहती है यह किसी व्यक्ति के समर्थन में नहीं बल्कि पूरे गठबंधन की रैली है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो आपस में एक दूसरे के साथ खड़े होते हैं वहीं पंजाब में एक दूसरे खिलाफ खड़े देखते हैं। आज इस पूरी INDI टोली को देखकर यह पता चलता है कि जो भ्रष्टाचारी है, जो भ्रष्टाचार के मामले में या तो जेल में है या बेल पर है, वे 'भ्रष्टाचार बचाओ' रैली निकाल रहे हैं।

उन्होंने आगे बताया की इनके चेहरे देखिए, हर एक चेहरे पर पर घोटाले और भ्रष्टाचार का काला धब्बा है, इनके जेल में बंद नेताओं को कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही है, चाहें सत्येन्द्र जैन हो या मनीष सिसोदिया हो या हेमंत सोरेन या या आज केजरीवाल हों जो जेल में हैं। ये समझ नहीं आता कि भाजपा के खिलाफ है या कोर्ट के खिलाफ़ रैली कर रहे हैं?

# अब तक 7 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## 46 नामांकन-पत्र खरीदे गए

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13-गौतमबुद्धनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज 02 अप्रैल, 2024 को प्रत्याशियों के द्वारा 02 नामांकन प्रपत्र प्राप्त किए गए। वर्तमान तक प्रत्याशियों के द्वारा कुल 46 नामांकन प्रपत्र प्राप्त किये जा चुके हैं।



बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी, नेशनल पार्टी के प्रत्याशी किशोर सिंह, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) के प्रत्याशी नारावेदश्वर एवं निर्दलीय प्रत्याशी संजीव कुमार, प्रवीण शर्मा व महकार सिंह ने नामांकन किया। वर्तमान तक कुल 07 प्रत्याशियों के दिन नामांकन किया जा चुका है।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने 13-गौतम बुद्ध नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए गए कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 28 मार्च 2024 दिन बृहस्पतिवार से नामाकंन प्रकिया जारी है। आयोग द्वारा द्वितीय चरण के लिए नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 04 अप्रैल 2024 दिन बृहस्पतिवार, नाम निर्देशनों की संवीक्षा हेतु तिथि 05 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 08 अप्रैल 2024 दिन सोमवार निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार तथा 04 जून 2024 दिन मंगलवार को मतगणना सम्पन्न होगी। 06 जून 2024 दिन बृहस्पतिवार से पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेंगी।

# रालोद ने किया डा. महेश शर्मा का स्वागत



**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोक सभा में खुर्जा विधानसभा के मांचड़ गांव में प्रियंका अत्रि प्रदेश प्रवक्ता राष्ट्रीय लोक दल ने अपने परिवारजनों और ग्राम वासियों के साथ अपने निवास स्थान पर एनडीए गठबंधन भाजपा प्रत्याशी सांसद डॉ. महेश शर्मा जी का जोरदार स्वागत किया।

डॉ महेश शर्मा ने ग्राम वासियों से ज्यादा से ज्यादा वोट डालने की अपील की साथ में खुर्जा विधानसभा की विधायक श्रीमती मीनाक्षी सिंह, पूर्व विधायक खुर्जा विधानसभा जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल गौतमबुद्धनगर जनार्दन भाटी, हरवीर तालान, उत्तम चौधरी, फिरोजपुर नीतू सिंह, श्रीकृष्ण पाल, अरुण कुमार, आनंद कुमार रात्रि, हरि सिंह आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# ठेके का सेल्समैन गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश महोदय के आदेशानुसार जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर व पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में तथा जिला आबकारी अधिकारी,गौतमबुद्धनगर के पर्यवेक्षण में अवैध शराब एवं ओवर रेटिंग के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2 रवि जायसवाल ने थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में छलेरा सेक्टर-44 देशी शराब दुकान पर उपस्थित विक्रेता विनोद कुमार पुत्र बाबू लाल गुप्ता निवासी बी-1/28 संजय एन्क्लेव उत्तम नगर दिल्ली द्वारा टिवन टावर देशी शराब टेट्रा पैक जिसकी धारिता 200 ml के निर्धारित मूल्य 70/- से 5 रूपये अधिक अर्थात 75/- में बिक्री करते हुए पाया गया। जिसको गिरफ्तार करते हुए उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की सुसंगत धारा एवं भारतीय दण्ड सहिता की धारा मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्यवाही की गयी।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को नोटिस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सहित कई बिल्डरों को नोटिस जारी कर दो महीने के भीतर जवाब मांगा है। बताया जा रहा है कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में धड़ल्ले अवैध निर्माण हो रहा है। बिल्डर बिना किसी स्वीकृति के टॉउनशिव, विला और कॉलोनियां काटी जा रही है। जिसके चलते एनजीटी ने नोटिस जारी किया है।




एक भाजपा नेता और पांच बार गाजियाबाद नगर निगम के पूर्व पार्षद ने की याचिका पर एनजीटी कोर्ट ने सुनवाई की है। उन्होंने बताया कि एनजीटी ने मंगलवार को यूपी सरकार, नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरणों, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और कई अन्य केंद्रीय/राज्य सार्वजनिक प्राधिकरणों और बिल्डरों (सैमटेल एन्क्लेव, द्वारका सिटी) को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही सहारा सिटी ग्रेटर नोएडा और नोएडा में विला, टाउनशिप, कॉलोनियों, दुकानों, घरों आदि के व्यापक और बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध कार्य को लेकर कार्रवाई की है। याचिका में इन सभी से 2 महीने के भीतर जवाब मांगा है।

वकील आकाश वशिष्ठ द्वारा दायर याचिका में विस्तार से बहस की गई है, जिसमें ग्रेटर नोएडा के 56 गांवों और नोएडा के 18 गांवों के अलावा कई अन्य गांवों का नाम लिया गया है, जहां प्रावधानों का पूरी तरह से उल्लंघन करते हुए अवैध कॉलोनियां और टाउनशिप बनाई जा रही हैं। इस दौरान वायु अधिनियम और जल अधिनियम की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। किसी भी बिल्डर के पास जिला भूजल प्रबंधन परिषद या उसके साथ पंजीकृत बोरवेल से कोई एनओसी नहीं है। याचिका में कहा गया है कि इसके अलावा, किसी के भी पास अपनी ले-आउट योजना जीएनआईडीए द्वारा अनुमोदित नहीं है, भूमि-उपयोग रूपांतरण नहीं किया गया है और कोई भी जीएनआईडीए मास्टर प्लान के तहत क्षेत्र के भूमि-उपयोग के अनुरूप नहीं है।

याचिका में दावा किया गया है कि किसी भी व्यक्ति या बिल्डर ने एसडीएम से मंजूरी नहीं ली है। अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कृषि भूमि का उपयोग आवासीय, वाणिज्यिक या औद्योगिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है या किया जाना प्रस्तावित है। इसमें कहा गया है कि ग्रेटर नोएडा में 20000 हेक्टेयर से अधिक उपजाऊ कृषि योग्य भूमि को हड़प लिया गया है, जबकि नोएडा में 20000 हेक्टेयर से अधिक भूमि का उपयोग अवैध प्लॉटिंग के लिए किया जा रहा है।

# सार्वजनिक पुस्तकालय का हुआ शुभारंभ



**दादरी ( चेतना मंच )।** मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी कैंपस में,एनटीपीसी दादरी द्वारा गुर्जर विधा सभा की जमीन पर निर्मित सार्वजनिक पुस्तकालय का हवन करा कर शुभारंभ किया गया। यह पुस्तकालय गरीब बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगी! इस सार्वजानिक पुस्तकालय में क्षेत्र को कोई भी व्यक्ति सदस्यता ले कर अपना पंजीकरण करा सकता है। हवन में गुर्जर विद्या सभा के सचिव रामशरण नागर एडवोकेट, पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष मास्टर लज्जाराम भाटी, मिहिर भोज इंटर कॉलेज समिति के प्रबंधक राजेश भाटी, समाजसेवी बलबीर आर्य, चौधरी नारायण वीर सिंह, प्रधान श्याम वीर भाटी कठेडा एवं अन्य सेंकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# स्कूल-कॉलेजों में चलाया गया 'स्वीप' अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न स्वीप कमेटी की बैठक में बताया कि जनपद के स्कूल/कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ब्रांड एम्बेस्डर बनाया जायेगा, जो अपने सहपाठियों, अभिभावकों तथा पडोसियों को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि पी.टी.एम. में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को मतदान की शपथ दिलायी जायेगी। साथ मतदान के उपरांत बच्चें स्कूलों में यह भी अवगत करायेंगे की उनके अभिभावकों ने मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।




जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप कार्यक्रम के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिये कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाये। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में पीटीएम कराते हुए अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए शत-प्रतिशत जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने में स्कूली बच्चों का भी बहुत ही अहम रोल है उनके माध्यम से रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में यह भी बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर अभियान चलाकर घर-घर "चुनाव का पर्व, देश का गर्व" स्लोगन के स्टीकर चश्पा करते हुए घर के सभी सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है एवं साथ ही उनको उनके बूथ संख्या एवं मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि मतदान के दिन किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप जनार्दन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार तथा स्वीप कार्यक्रम से जुड़े अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

